दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली | बुधवार 13 नवंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 320 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## 'बंटोगे तो कटोगे' भाजपा का सबसे निगेटिव नारा: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की लड़ाई दिलचस्प होती जा रही है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर तेज हो गया है। प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और सपा के बीच बयानबाजी के साथ-साथ नए नारों के जरिए मतदाताओं को अपनी ओर करने की कोशिशें तेज होती जा रही हैं।

लोकसभा चुनावों में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पीडीए का नारा दिया। इसका लाभ भी पार्टी को लोकसभा चुनावों में मिला। यही वजह थी कि सपा ने अब तक सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए 37 सीटों पर जीत हासिल की, लेकिन पीडीए से शुरू हुई बीजेपी-सपा की लड़ाई 'बंटोंगे तो कटोगे', 'न बंटेंगे, न कटेंगे, पीडीए के संग रहेंगे' तक आ गई है।

# अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी किया प्रदर्शन, फूंका जिला जज का पुतला

**अधिवक्ताओं ने बुधवार को भी कार्य बहिष्कार की घोषणा की**

**मार्ग से निकलने को लेकर राहगीरों से हुई कहासुनी व मारपीट**

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद कोर्ट में जिला जज के बाद रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने जिला जज का पुतला दहन कर नारेबाजी की। तो इस दौरान मार्ग से वाहन निकालने को लेकर कई लोगों से अधिवक्ताओं की झड़प भी हुई है। जिसमें एक कार पर अधिवक्ताओं ने हमला बोल दिया, तो वहीं कई लोगों से कहासुनी भी हुई है। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति को कंट्रोल में कर लिया था। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा है कि बुधवार को भी अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार व धरना-प्रदर्शन के साथ ही रोड़ जाम कार्यक्रम जारी रहेगा। इस दौरान 12 :00 से 2 :00 बजे तक सड़क भी अवरुद्ध कर अधिवक्ता प्रदर्शन करेंगे।



पुतला दहन

### 16 को महापंचायत के बाद होगा फैसला

करंट क्राइम :बार एसोसिएशन गाजियाबाद जिलों के अधिवक्ताओं और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को 16 नवंबर के दिन गाजियाबाद में होने वाली



महापंचायत के लिए आमंत्रित कर चुकी है। इस महापंचायत में अधिवक्ता गाजियाबाद कोर्ट रूम में हुए लाठीचार्ज के विरोध के बाद भी जिला जज के तबादला ना होने और लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई न होने को लेकर आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। इसके साथ ही अधिवक्ता यह भी तय करेंगे कि इस आंदोलन को आने वाले दिनों में यानि सोमवार 18 नवंबर से किस तरीके से संचालित करना है।

### जब अधिवक्ताओं ने रोक ली किन्नरों की कार

करंट क्राइम : अधिवक्ता लाठीचार्ज के विरोध में प्रतिदिन दो घंटे सड़क पर रोड जाम कर रहे हैं। इस दौरान मार्ग पर आने वाले लोगों को रोका जाता है, उनसे अधिवक्ताओं की नोकझोंक और झड़प भी हो रही है। मंगलवार को एक कार में किन्नर सवार थे, किन्नर हापुड़ चुंगी से बस अड्डे की ओर वाले मार्ग पर थे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उन्हें रोक लिया जिसके बाद किन्नरों और अधिवक्ताओं के बीच मार्ग पर आने जाने को लेकर बातचीत हुई। इस दौरान किन्नर अड़ गए और वह इस मार्ग से कार लेकर आगे निकलें। हालांकि वकीलों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन किन्नर मार्ग से जाने की जिंद पर अड़े रहे।



### वकीलों की कई राहगीरों से हुई हाथापाई



करंट क्राइम : मंगलवार को अधिवक्ताओं ने उन लोगों का विरोध किया जो सर्विस रोड और बराबर वाले मार्ग से निकल रहे थे। इस दौरान एक कार सवार से अधिवक्ताओं की बहस हो गई, तो अधिवक्ताओं ने उसकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। इस दौरान उसके साथ हाथापाई भी हुई है। तो वही एक और राहगीर के साथ भी इसी तरह की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है दोनों मामले के पीड़ितों ने कवि नगर थाने में शिकायत दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल इस पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

### बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने लिखा पत्र

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश और अध्यक्ष बार काउंसिल उत्तर प्रदेश को एक पत्र लिखा है। जिसमें 29 अक्टूबर की घटना का संज्ञान लेने की अपील की गई है। साथ ही कुछ अधिवक्ताओं के बयानों और ठीक लोगों के बयान दर्ज नहीं होने को लेकर आपत्ति जताई गई है। इसके साथ ही बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड से पूरे घटना की सही और उपयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निवेदन भी किया गया है।



### कई थानाक्षेत्रों की पुलिस रही मुस्तैद

करंट क्राइम : मंगलवार को अधिवक्ताओं के रोड बंद कर प्रदर्शन करने का दूसरा दिन था। अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को लेकर एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक, थाना प्रभारी सिहानी गेट सचिन बालियान, विजय नगर थाना प्रभारी बृजेश सिंह मुख्य रूप से सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए थे। तो वहीं बड़ी संख्या में आरआरएफ के जवानों को भी तैनात किया गया था।



> बार एसोसिएशन गाजियाबाद शांतिपूर्वक ढंग से आंदोलन चला रही है। मंगलवार को मीडिया के माध्यम से मारपीट की जानकारी मिली है। अधिवक्ता किसी भी हिंसक आंदोलन से दूर हैं।
>
> 
>
> दीपक शर्मा, अध्यक्ष बार एसोसिएशन गाजियाबाद

## दरोगा जी का कमाल, मुर्दे पर ही कर दी कार्रवाई

### मामला फैला तो अधिकारियों ने भेजा पुलिस लाइन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सिटी थानाक्षेत्र के अंतर्गत लाइन पार थाने में तैनात एक चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जांच के बाद पता चला है कि दरोगा जी ने कमाल वाली रिपोर्ट तैयार की थी और जिस व्यक्ति की अप्रैल माह में ही मृत्यु हो चुकी है, उसकी उन्होंने अक्टूबर माह में भारतीय न्याय संहिता यानी नए कानून के तहत 126- 135 की कार्रवाई कर दी है।




यह वही कानूनी प्रक्रिया है जो पुराने कानून में 107-16 की कार्रवाई कहलाती थी। अब दरोगा जी को यह इनपुट किसने दिया था और यह कार्रवाई कितनी गहरी की गई थी, इसकी जांच शुरू हो गई है। वहीं अधिकारियों ने दरोगा को लाइन का रास्ता दिखा दिया है। साथ ही कई और चेहरे रडार पर आने की बात सामने आ रही है। पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस मामले में जल निगम चौकी प्रभारी संदीप को लाइन हाजिर किया गया है। इस मामले में अन्य पुलिसकर्मी भी रडार पर आ सकते हैं, ऐसी सूत्रों की ओर से जानकारी दी जा रही है। वहीं इस मामले की वजह से लाइन पार के थाने में भी टेंशन वाला माहौल बना हुआ। देखना होगा कि आने वाले दिनों में कोई और पुलिसकर्मी इस पूरे मामले का शिकार ना हो जाए। वहीं पुलिस वाले विभाग में चर्चा हो रही हैं कि 2019 बैच वाले टू-स्टार ने या तो पुराना डाटा इस्तेमाल कर लिया या बिना किसी जांच पड़ताल के कार्रवाई वाली लिस्ट में नाम भेजा गया था। वहीं सवाल उनके ऊपर वालों से भी हो रहा है कि उन्होंने क्या देखा था।

## गाजियाबाद में नहीं कम हो रहा वायु प्रदूषण, धुंध ने बढ़ाई परेशानी

### वायु प्रदूषण की स्थिति खतरनाक बनी हुई है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का ग्राफ कम नहीं हो रहा है और गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति खतरनाक बनी हुई है। वायुमंडल में लगातार धुंध बढ़ रही और धुंध बढ़ाने का असर वायु प्रदूषण के रूप में देखा जा रहा है।



**लोनी ,वसुंधरा और इंदिरापुरम में भी खतरनाक स्थिति**

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डेटा के अनुसार लोनी, वसुंधरा और इंदिरापुरम में वायु प्रदूषण की स्थिति ऑरेंज जोन में है। हालांकि बीते कई दिनों में वायु प्रदूषण की स्थिति में उतार चढ़ाव आया है ,पर वायु प्रदूषण के स्तर में अभी सुधार नहीं रहा है। उधर मौसम विभाग का कहना है कि जब तक बारिश नहीं होगी तब तक धूल के महीन कण वायुमंडल में इसी प्रकार से ही नजर आएंगे और धुंध की चादर छाई रहेगी।

## फ्लेवर हुक्के की आड़ में परोसते थे नशा, छापे में दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मसूरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कैफे की आड़ में चल रहे हुक्काबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को देख कैफे में मौजूद युवा और संचालक फरार हो गए थे। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से हुक्के, फ्लेवर्ड तंबाकू और चिलम आदि सामान बरामद हुआ है। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि जेल चौकी के प्रभारी एसआई प्रशांत कुमार गौतम सोमवार रात करीब आठ बजे गश्त पर थे। कल्लूगढ़ी पहुंचने पर मुखबिर ने सूचना दी कि पुराने टोल के पास एक होटल के बराबर से जा रहे रास्ते पर जिम है। जिम के नीचे कैफे की आड़ में हुक्का बार संचालित किया जा रहा। चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कैफे में छापेमारी की। एसीपी का कहना है कि कैफे में चारों तरफ धुआं ही धुआं था और लोग वहां हुक्का पी रहे थे। पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई। मौके से दो हुक्के, एक पाइप, एक चिलम, धुआं करने वाली बिजली की मशीन, चारकोल हीटर, लोहे की कटोरी, हुक्के पर जलाने वाला पीले रंग का पैकेट, दो छोटी सीलबंद पॉलिथीन में प्लास्टिक का पाइप और फ्लेवर्ड तंबाकू बरामद हुआ।



**5 लोगों ने हिस्सा लिया**

**करंट क्राइम।** एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम के मुताबिक पूछताछ में पता चला कि मोदीनगर के सीकरी कला निवासी सचिन, छज्जा बाजार डासना निवासी इकबाल और अफजाल के अलावा तुषार, अर्श पांचों मिलकर अवैध रूप से हुक्का बार चलाते हैं। इसके लिए आरोपियों ने कोई लाइसेंस नहीं ले रखा है। एसीपी का कहना है कि सचिन और इकबाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।



# लड़ाई जजों और वकीलों के बीच है, न्याय कौन करेगा ? : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आम आदमी जब किसी से पीड़ित होता है तब कहता है कि चल तुझे कचहरी में देखूंगा। जब उसे थाने तहसील प्रशासन किसी से न्याय नहीं मिलता तो वह दौड़ कर कचहरी आता है। उसे भरोसा है कि उसका वकील उस सारे तथ्यों को जुटाकर न्यायालय में प्रस्तुत करेगा और उसे न्याय मिलेगा। न्यायाधीश प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर न्याय प्रदान करेगा।

इसी आशा और विश्वास को लेकर वह कई बार तो जीवन भर लोअर कोर्ट से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक दौड़ता है। लेकिन यहां तो वकील और न्यायाधीश ही गुत्थमगुत्था हैं। वकील जो दूसरों को न्याय दिलाने की गारंटी था, आज वह स्वयं न्याय के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसी परिस्थिति में उस गरीब, असहाय वादकारी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करके न्याय की गारंटी कौन देगा?? क्या इस गंभीर स्थिति पर विचार नहीं किया जाना चाहिए??





**यहां तो वकील और न्यायाधीश ही गुत्थमगुत्था हैं। वकील जो दूसरों को न्याय दिलाने की गारंटी था, आज वह स्वयं न्याय के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसी परिस्थिति में उस गरीब, असहाय वादकारी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करके न्याय की गारंटी कौन देगा?? क्या इस गंभीर स्थिति पर विचार नहीं किया जाना चाहिए??**

**आंदोलन का कोई समाधान तो निकलना चाहिए। अभी उच्च न्यायालय और सरकार भी मौन है। इन दोनों के हस्तक्षेप के बिना न तो कोई समाधान निकलता दिख रहा है और न सही-गलत का निर्णय हो सकता है।**

**अगर न्यायपालिका और सरकार भी सच और झूठ का निर्णय करने और न्याय के साथ खड़े होने से बचेंगी तो न्याय पाने के अधिकार का जनाजा ही उठ जाएगा।**



जज तो कोर्ट में बैठ नहीं रहे हैं। वकील अपने चैंबर में हैं या संघर्ष के पथ पर हैं। अखबारों की खबरों के अनुसार बार कौंसिल की जांच कमेटी ने पुलिस के लाठीचार्ज को अनुचित ठहराया है। स्थानीय प्रशासन और प्रतिनिधि मौन हैं। सही कौन है - गलत कौन है न तो इसके निर्धारण के लिए कोई कदम उठाया गया है और न ही दोनों पक्षों के बीच के विवाद को समाप्त करने के पंचायती फैसले के लिए कोई कदम उठाए गए हैं। बार कौंसिल एक संस्था है जो न्यायपालिका और वकीलों के बीच के किसी विवाद को निपटाने का एक माध्यम हो सकता है। बार कौंसिल में भी मामला निपटाने के प्रयासों की जानकारी नहीं है। आंदोलन का कोई समाधान तो निकलना चाहिए। अभी उच्च न्यायालय और सरकार भी मौन है। इन दोनों के हस्तक्षेप के बिना न तो कोई समाधान निकलता दिख रहा है और न सही-गलत का निर्णय हो सकता है।

जनहित में वादकारियों के लिए न्यायालय के दरवाजे खुलें, उन्हें न्याय पाने का नैसर्गिक अधिकार मिले, इस पर गंभीरता के साथ विचार होना चाहिए। सरकार और न्यायपालिका दोनों को वादकारी के न्याय पाने के अधिकार को बहाल करने के लिए पहल करनी चाहिए। अगर न्यायपालिका और सरकार भी सच और झूठ का निर्णय करने और न्याय के साथ खड़े होने से बचेंगी तो न्याय पाने के अधिकार का जनाजा ही उठ जाएगा।

# 'अघाड़ी यानी भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी'

# चिमूर की रैली में विपक्षी गठबंधन पर बरसे पीएम मोदी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री ने कहा कि 'बीते ढाई वर्षों में आपने विकास की दोगुनी रफ्तार देखी है। महाराष्ट्र अधिकतम विदेशी निवेश वाला राज्य है। यहां नए हवाई अड्डे और एक्सप्रेसवे हैं, एक दर्जन वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं और 100 से अधिक रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के चिमूर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर हमला बोला और कहा कि महाराष्ट्र में महायुति की सरकार और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का मतलब विकास की दोगुनी रफ्तार है।



### 'अघाड़ी, भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी'

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'बीते ढाई वर्षों में आपने विकास की दोगुनी रफ्तार देखी है। महाराष्ट्र अधिकतम विदेशी निवेश वाला राज्य है। यहां नए हवाई अड्डे और एक्सप्रेसवे हैं, एक दर्जन वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं और 100 से अधिक रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। महाराष्ट्र का तेज विकास अघाड़ी के बस की बात नहीं है। उन्होंने विकास को रोकने में पीएचडी की हुई है और कांग्रेस की तो इसमें डबल पीएचडी है। अघाड़ी यानी भ्रष्टाचार के सब से बड़े खिलाड़ी।'

### 'कामों को रोकती है अघाड़ी वालों की जमात'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के साथ केंद्र में भाजपा नीत एनडीए सरकार का मतलब है राज्य में डबल इंजन की सरकार। मतलब दोगुनी रफ्तार से विकास। महायुति की सरकार किस गति से काम करती है और ये अघाड़ी वालों की जमात कैसे कामों को रोकती है, चंद्रपुर के लोगों से बेहतर ये बात और कौन जानता होगा। यहां के लोग दशकों से रेल संपर्क की मांग कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वालों ने कभी भी ये काम होने नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव के क्या नतीजे आने वाले हैं, ये आप लोगों ने आज ही दिखा दिया है। ये जनसैलाब बता रहा है कि महाराष्ट्र में महायुति की भारी बहुमत से सरकार बनने जा रही है। चिमूर की जनता ने और पूरे महाराष्ट्र ने ठान लिया है - 'भाजपा - महायुती आहे, तर गती आहे, महाराष्ट्राची प्रगती आहे।'

# कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर योगी बोले : मैं योगी हूं, मेरे लिए देश पहले है, राजनीति बाद में

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई टिप्पणी का जवाब दिया। सीएम योगी ने मंगलवार को महाराष्ट्र में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि मैं योगी हूं, मेरे लिए देश पहले है, राजनीति बाद में, लेकिन आपके लिए कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति पहले है।

**मेरा हर काम पहले देश के नाम :** महाराष्ट्र के अचलपुर में रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तीन दिन से मुझ पर नाराज हो रहे हैं कि मैं ऐसी भाषा का प्रयोग क्यों कर रहा हूं। खड़गे जी ! मैं योगी हूं, योगी के लिए देश पहले है। राजनीति बाद में। मेरे और आपमे यही अंतर है। मेरे नेता मोदी ने यही बताया है कि हर काम, पहले देश के नाम। आपके लिए कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति पहले है। यही कारण है कि आप न सच्चाई बोल पा रहे हैं, न समझ पा रहे हैं।

**मुस्लिम लीग के कारण सरेंडर कर चुका था कांग्रेस नेतृत्व :** सीएम योगी ने कहा कि खड़गे जी के परिवार के साथ आजादी के तत्काल बाद घटना घटित हुई थी। खड़गे जी का गांव बारावत्ती हैदराबाद के निजाम के अधीन था। देश की आजादी के पहले अंग्रेजों को लगा कि अब भारत के क्रांतिकारियों के सामने अधिक दिन तक नहीं टिक पाएंगे तो उसने



भारत के विभाजन को लेकर रोडमैप तय किया। वे देश में मुस्लिम लीग को देश में प्रोत्साहित करने का कार्य कर ही रहे थे। उस समय कांग्रेस नेतृत्व भी मुस्लिम लीग के सामने सरेंडर कर चुका था। यही कारण था कि मुस्लिम लीग निर्ममता से हिंदुओं को काट रहा था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व सत्तालोलुप होकर मौन बना था।

सरदार पटेल गृह मंत्री थे तो हैदराबाद के निजाम को लगा कि बहुत दिन तक अलग अस्तित्व नहीं बना पाऊंगा सीएम योगी ने कहा कि ब्रिटिशरों ने देसी रियासतों को स्वतंत्रता दी कि वे चाहें तो भारत का हिस्सा बनें, चाहें तो पाकिस्तान का हिस्सा और चाहें तो स्वतंत्र अस्तित्व भी रख सकते हैं। भारत में जूनागढ़ का नवाब और हैदराबाद के निजाम ने खुद को स्वतंत्र रियासत के रूप में स्थापित करने की चेष्टा की। जिस समय लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल गृह मंत्री थे तो हैदराबाद के निजाम को लगा कि बहुत दिनों तक अलग अस्तित्व नहीं बना पाऊंगा, तब उसने निर्ममता से हिंदुओं का कत्लेआम शुरू कराया था।

**वोटबैंक की खातिर परिवार के बलिदान को भूल गए खड़गे :** सीएम योगी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने हैदराबाद रियासत के सभी अनुसूचित जाति, जनजाति व हिंदुओं का आह्वान किया कि वे वहां सुरक्षित नहीं हैं, महाराष्ट्र की तरफ आ जाएं। उस समय हैदराबाद रियासत के अधीन बारावत्ती गांव भी जलाया गया था। यह मल्लिकार्जुन खड़गे जी का गांव था। इसमें खड़गे जी की मां, चाची और बहन को निजाम के रजाकारों द्वारा जलाया गया, लेकिन खड़गे जी सच्चाई को नहीं बोलना चाहते। उन्हें लगता है कि निजाम पर आरोप लगाऊंगा तो मुस्लिम वोट खिसक जाएगा। कांग्रेस इतिहास को झुठलाने का कार्य कर रही है। निजाम के रजाकारों ने हैदराबाद रियासत के अंदर निर्ममता से हिंदुओं का कत्लेआम किया।

## न्यूज डायरी

### गुस्साए ग्राहक ने पलट दी रेहड़ी, 10 माह के बच्चे पर गिरा गर्म तेल, बूरी तरह झुलसा

**पंजाब।** लुधियाना के गांव मेहरबान में एक रेहड़ी वाले के पास मोमोज खाने आए एक व्यक्ति ने मोमोज ठंडे होने को लेकर हंगामा कर दिया। आरोपी ने



मोमोज वाले की रेहड़ी सड़क पर पलट दी। इस घटना में 10 माह का मासूम गर्म तेल से झुलस गया। पंजाब के लुधियाना में मोमोस को लेकर बवाल हो गया। रेहड़ी वाले ने ग्राहक को दिए मोमोस ठंडे हो गए। इस पर ग्राहक ने जमकर बवाल काटा। ठंडे मोमोस की वजह से ग्राहक का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उसने मोमोस वाले की रेहड़ी पलट दी। रेहड़ी पर रखा गर्म तेल पास में चारपाई पर सो रहे 10 महीने के मासूम पर गिरा और वह झूलस गया। घटना लुधियाना के गांव मेहरबान के गौंसगढ़ के पास की है। यहां एक रेहड़ी वाले के पास मोमोज खाने आए एक व्यक्ति ने मोमोज ठंडे होने को लेकर हंगामा कर दिया। जब रेहड़ी वाले ने दोबारा से नए मोमोज गर्म करने की बात की तो गुस्साए नौजवान ने सारी रेहड़ी पलट दी। जब रेहड़ी पर से सामान गिरा तो उस पर से गर्म तेल भी गिर गया। गर्म तेल पास में चारपाई पर सो रहे रेहड़ी वाले के 10 माह के बच्चे पर जा गिरा, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया।

#### आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

आनन-फानन में परिवार वाले बच्चे को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने तुरंत उपचार शुरू कर दिया। वहीं, घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद थाना मेहरबान पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित परिवार के बयान दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

#### कड़ाही पर डाल दिए जूठे मोमोस

गर्म तेल से झुलसे बच्चे के पिता शुभम कुमार ने बताया कि वह मोमोज की रेहड़ी लगाता है। देर शाम एक व्यक्ति परिवार के साथ मोमोज खाने आया। उसने उससे मोमोज लिए और खाने के बाद उसे कहने लगा कि मोमोज ठंडे हैं। शुभम ने उन लोगों से कहा कि अगर मोमोज ठंडे हैं, तो वह उन्हें फेंक दे। वह उन्हें गर्म मोमोज देगा। बावजूद ग्राहक झूठे मोमोज को गर्म तेल में फ्राई करने की जिद पर अड़ गया। ग्राहक ने जबरन मोमोज कड़ाही के तेल में डाल दिए, जिससे सभी मोमोज जूठे हो गए। शुभम ने जब ग्राहक को ऐसा करने से रोका तो उसने शुभम की रेहड़ी बीच सड़क पलटा दी। रेहड़ी पर गर्म तेल की कड़ाई पास में चारपाई पर सो रहे 10 महीने के रुद्र पाठक पर गिर गई। गर्म तेल से बच्चा बूरी तरह झुलस गया। वहीं आरोपी परिवार के साथ वहां से फरार हो गया।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रियाजुद्दीन सलमानी को दिलवाई भाजपा की सदस्यता

# कई स्थानों पर किया भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए प्रचार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप गाजियाबाद विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसी कड़ी में वह भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए प्रचार कर रहे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप वीवीआईपी एड्रेस राजनगर एक्सटेंशन में अशोक अग्रवाल के आवास पर कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए वोट मांगे। इसके साथ ही लोगों से भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील भी की।







### संजीव शर्मा की विजय ऐतिहासिक रहेगी : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि गाजियाबाद विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा की जीत ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता कमल का फूल खिलने के लिए मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के जो विकास कार्य और योजनाएं हैं ,उसका असर यूपी के हर शहर में देखने को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पटेल नगर द्वितीय में रियासुद्दीन सलमानी द्वारा आयोजित भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को समर्थन व सामाजिक बैठक में उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने रियाजुद्दीन सलमानी को भाजपा का दमन थमवाया और कहा है कि सलमानी भविष्य में अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने डोर टू डोर जनसंपर्क भी किया और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का काम किया।

कार्यक्रम में सौरभ जयसवाल, राकेश मित्तल, शीतल चौधरी, महिम गुप्ता, अजय चोपड़ा, मनोज यादव, अंशुल गुप्ता , युसूफ सिद्दीकी, रीपिन उप्पल, अदनान सलमानी, अनवर अहमद, आमिर सैफी, मोहम्मद अकबर, कल्लन भाई, प्रखर गुप्ता, इमरान अब्बासी, शकील, सोनू, चौधरी विजय कुमार, राहुल यादव, डा० अशोक झालेरिया, युसूफ कुरैशी, रिहान कुरेशी, शाहरुख कुरेशी, सलमान, जावेद, सलीम, अमित तितोरिया, भगवान झालेरिया, सोनू सिंघल, रवि रंजन पांडे आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन राजेंद्र तितोरिया पूर्व पार्षद के द्वारा किया गया।

# भाजपा नेता जितेन्द्र यादव ने की घर वापसी

## किया वायदा भारी मतों से जितेंगे संजीव शर्मा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा नेता जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को घर वापसी करते हुए भाजपा का पटका पहन कर संगठन की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप और भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने जितेन्द्र यादव को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए पार्टी ज्वाइन कराई। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद जितेन्द्र यादव ने भाजपा नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए मौजूद कार्यकताओं से वायदा कि वे और उनकी टीम भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को भारी मतों से विजय दिलाकर विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। साथ ही संगठन को आश्वस्त किया कि वार्ड 22 दौलतपुरा व पंचवटी क्षेत्र में एक-एक घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। यादव समाज से भी अधिक से अधिक वोट दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

# बृज विहार में धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम का जन्मोत्सव





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार की दोहपर बृज विहार के वार्ड 68 में श्री श्याम सहारा परिवार मंडल बृज विहार द्वारा श्री खाटू श्याम का जन्मोत्सव का कार्यक्रम हुआ जिसमें भूपेश भारद्वाज, दिलीप यादव, लोकेश भारद्वाज, राहुल पवार, टीटू पवार, संदीप लोहिया, मंजू मलिक, शैली जैन, सब ने बाबा के भंडारे में पूरा सहयोग दिया। कार्यक्रम में एक सामूहिक जागरण का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का श्याम खाटू के चित्र पर दीप व पुष्प अर्पित कर किया। उसके पश्चात एक बजे केक काटकर खाटू श्याम का जन्म उत्सव मनाया। इस मौके पर भक्तों ने कार्यक्रम स्थल को रंगीन गुब्बारों के साथ मोर पंख आदि से सजाया हुआ था। गायकों ने देवा रे देवा तुझसे बढकर कौन के गानों पर श्रद्धालु झुते छठे। गायक ने श्याम कलियुग का सुपरस्टार, हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा, ऐसा जादू सांवरिया है तेरे प्यार में दीवाना, होकर नांचू तेरे दरबार में, एक बार तो हामी भर दे हम जान लुटा देंगे आदि भजन सुनाकर श्याम नाम की मस्ती लूटी। पार्षद विनय चौधरी कार्यकारिणी सदस्य महानगर भाजपा बॉबी त्यागी अजय त्यागी पुष्पेंद्र कौशिक आदि लोग मौजूद रहे।



# नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ यूपीपीएससी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ अभ्यर्थी छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को छात्र मुख्यालय के बाहर जुटे। वहीं, सुरक्षा के लिहाज से पुलिस टीम के साथ रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की तैनाती की गई है। यूपीपीएससी के खिलाफ प्रतियोगी अभ्यर्थियों का आंदोलन लगातार दूसरे दिन भी जारी है। सोमवार रात को भी आयोग मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्र जुटे तो मंगलवार सुबह भी स्थिति ऐसी ही थी। महिला अभ्यर्थी भी प्रदर्शनकारियों में शामिल थीं। प्रदर्शनकारी प्रतियोगी छात्र ने आईएएनएस को बताया जो भी प्रतियोगी छात्र हैं, वो सामान्य और गरीब परिवार से आते हैं। उनके ऊपर सिर्फ उनकी ही नहीं बल्कि परिवार की भी जिम्मेदारी है। तंज कसते हुए सवाल किया कि तानाशाह अधिकारी कैसे यह तय करेंगे कि छात्रों का भविष्य कैसे व्यवस्थित होगा? एक और प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी ने कहा, छात्र जागरूक और समझदार हैं, उनको अपने हक की लड़ाई लड़नी बखूबी आती है। रातभर से छात्र बिना कुछ खाए प्रदर्शन कर रहे हैं। हम नॉर्मलाइजेशन का पुरजोर विरोध करते हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय



के छात्र नवीन पाल ने बताया ऐसा परिवर्तन पहले कभी नहीं किया गया, फिर क्यों कमीशन ऐसा परिवर्तन कर रहा है। इससे पहले भी विसंगतियां आई हैं, लंबे समय तक प्रक्रिया चली, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ। परीक्षा को दो चरणों में कराना और नॉर्मलाइजेशन फॉमूर्ला तर्कसंगत नहीं है। इससे पहले सोमवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षाओं की शुचिता और अभ्यर्थियों की सुविधा को अपनी प्राथमिकता बताया था। परीक्षाओं में नॉर्मलाइजेशन को लेकर अभ्यर्थियों के एक वर्ग द्वारा जताए जा रहे असंतोष पर आयोग के प्रवक्ता ने कहा था कि आयोग की परीक्षाओं की शुचिता एवं छात्रों के भविष्य को संरक्षित करने के उद्देश्य से परीक्षाएं केवल उन केंद्रों पर कराई जा रही हैं, जहां किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की कोई संभावना नहीं है। पूर्व में दूर-दराज के परीक्षा केंद्रों में कई प्रकार की गड़बड़ियां संज्ञान में आई हैं, जिससे योग्य छात्रों का भविष्य अनिश्चित बन जाता है। इसे खत्म करने के लिए एवं संपूर्ण परीक्षा मेरिट के आधार पर संपन्न कराने के लिए इन केंद्रों को हटाया गया है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) ह्यप्रीह्ल और समीक्षा अधिकारी (आरओ) सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की परीक्षा दो दिन कराने के निर्णय के विरोध में छात्रों ने सोमवार को लोक सेवा आयोग के गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू किया जो दूसरे दिन भी जारी है।

# पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की फिर हुई तलाशी, कार्रवाई पर भड़की शिवसेना यूबीटी

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की एक बार फिर तलाशी लिए जाने का मामला सामने आया है। शिवसेना बाला साहेब ठाकरे (वइळ) इस कार्रवाई से बेहद आक्रोशित है। चुनाव आयोग ने साफ किया है कि आयोग एसओपी के मुताबिक कार्रवाई कर रहा है। किसी नेता विशेष के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की एक बार फिर तलाशी ली गई है। उद्धव की पार्टी- शिवसेना यूबीटी इस कार्रवाई को लेकर आक्रामक तेवर दिखा रही है। खबरों के मुताबिक चुनाव प्रचार के सिलसिले में हेलीकॉप्टर से लातूर गए उद्धव के हेलीकॉप्टर के साथ-साथ उनके बैग की भी तलाशी ली गई। शिवसेना के आधिकारिक एक्स हैंडल पर कार्रवाई की वीडियो भी शेयर की गई है। शिवसेना यूबीटी का आरोप है कि शिवसेना पर प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई हो रही है, जबकि सत्ताधारी महायुति में शामिल दल- (भाजपा-शिवसेना-एनसीपी) की तरफ से पैसे बांटने की घटना पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। चुनाव आयोग ने कहा है कि कार्रवाई तय नियमों के मुताबिक होती है।

बता दें कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। इससे पहले सियासी आरोप-



प्रत्यारोप जमकर हो रहे हैं। चुनाव आयोग और भाजपा नीत केंद्र सरकार पर संविधान की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए शिवसेना ने कहा, 'डॉ. बाबा साहब द्वारा लिखे गए संविधान में हम सभी के लिए समान न्याय की बात कही गई है। लेकिन व्यवस्थाओं को अपने हाथ में लेकर और लोकतंत्र को रौंदकर राज करने वाले दिल्ली के लोगों ने हर स्तर पर उस संविधान की अवहेलना करने का फैसला किया है।'

डॉ. बाबासाहेबांनी लिहिलेल्या संविधानात सगळ्यांना समान न्याय हे आम्ही मानतोच.पण यंत्रणांना हाताशी धरुन लोकशाहीला पायदळी तुडवून हुकुमत गाजविणा दिल्लीश्वरांनी मात्र त्या संविधानाचा सगळ्याच पातळ्यांवर अवमान करायचा ठरवलं आहे।

### कमलाबाई और देशद्रोहियों के सामान की भी इसी तरह जांच होनी चाहिए

शिवसेना ने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारियों ने उद्धव ठाकरे के सामान की जांच की। एक्स हैंडल पर शेयर वीडियो के साथ मराठी भाषा में लिखे ब्यौरे में शिवसेना ने कहा, 'जो हुआ वह बहुत बढ़िया था। हालांकि, उन्हें टैक्स से क्यों डर लगता है? अब कमलाबाई और देशद्रोहियों के सामान की भी इसी तरह जांच होनी चाहिए! लोगों को समझना चाहिए कि बक्से कौन, कहां से और कैसे ले जा रहा है। चोर के अलावा संन्यासी को फांसी पर लटकाने की कोशिश कौन कर रहा है!'

### चुनाव आयोग ने क्या बयान दिया?

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बैग की जांच मामले में आरोप पर चुनाव आयोग के सूत्रों के हवाले से बयान जारी किया गया। अधिकारियों की तरफ से निशाना बनाए जाने के आरोपों पर चुनाव आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को कहा, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के विमानों और हेलीकॉप्टरों की जांच की जाती है। आयोग के मुताबिक पिछले चुनावों के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के विमानों और हेलीकॉप्टरों की जांच भी की गई थी।

### बिहार में जेपी नड्डा और शाह के हेलीकॉप्टरों की भी तलाशी हुई

आयोग के एक पदाधिकारी ने बताया, चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए एजेंसियां सख्त एसओपी का पालन करती हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान, बिहार में भी इसी तरह का मुद्दा उठाया गया था। आयोग स्पष्ट कर चुका है कि 24 अप्रैल को भागलपुर जिले में नड्डा सहित प्रमुख नेताओं के हेलीकॉप्टरों की जांच की गई थी। एसओपी के अनुसार 21 अप्रैल को कटिहार जिले में अमित शाह की जांच भी की गई थी।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# भाजपा शासन में दंगे, अपराध, नफरत और सड़कों पर उतरे युवा हैं विकास का मॉडल : अनुराग भदौरिया




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग भदौरिया मंगलवार को दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय आए। इस दौरान दैनिक करंट क्राइम के आमना-सामना में उन्होंने मौजूदा सियासत और चुनाव से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से बात की। करंट क्राइम ने उनसे विधानसभा उपचुनावों से लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन तथा चुनावी रणनीति को लेकर बात की। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने कहा कि गठबंधन जारी रहेगा। उन्होंने दावा किया कि सपा को सभी सीटों पर जीत मिलेगी और भाजपा को उन्होंने नफरत फैलाने वाली पार्टी कहा। विभिन्न विषयों पर अनुराग भदौरिया ने सिलसिलेवार सभी सवालों के जवाब दिये। श्री भदौरिया के साथ सपा के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग दैनिक करंट क्राइम मुख्यायल पहुंचे। जहां पर अनुराग भदौरिया का विभिन्न मुद्दों पर दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी एवं वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा के साथ आमना-सामना हुआ।




**सवाल : सीधे चुनाव को लेकर बात है और लोकसभा चुनाव के बाद तथा जम्मू कश्मीर और हरियाणा चुनाव के नतीजे आने के बाद ये उपचुनाव हो रहा है। नौ सीटों पर होने वाले इन चुनावों में समाजवादी पार्टी किन मुद्दों के साथ भाजपा से मुकाबला करेगी।**

जवाब : इस बार हो सकता है कि भाजपा को ये लग रहा हो कि वो नफरत की बातें करके चुनाव को पोलराइज कर लेगी, लेकिन ऐसा है नहीं। इंडिया गठबंधन विकास के मुद्दों पर वोट मांग रहा है। हम महंगाई, बेरोजगारी पर वोट मांग रहे हैं। समाज में यही ज्यादा है और हमारा इसी पर फोकस है। किसानों के साथ आप अन्याय देखिए कि उनको खाद भी नहीं मिल रही है। यूपीपीसीएस की परीक्षा को दो दिन का कर दिया है। छात्र मांग कर रहे हैं कि एक दिन का एग्जाम होना चाहिए। छात्र सड़क पर हैं, वो परेशान हैं, किसान परेशान हैं, महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। पुलिस की वर्दी में भी महिला सुरक्षित नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी से लोगों की कमर टूटी हुई है। आपने मुद्दों की बात की है तो हम बता दें कि जनता भाजपा की सरकार को वोट नहीं देना चाहती। भाजपा को भी इस बात का अहसास है इसलिए वो मुद्दों को डायवर्ट करने के लिये ह्यबंटोगे तो कटोगेह्ल का मुद्दा लाना चाहती। सारा दिन भाजपा उसी पर फोकस कर रही है और मूल मुद्दों से ध्यान भटका रही है।

**सवाल : हरियाणा चुनाव अभी संपन्न हुआ है, अन्य राज्यों में भी चुनाव हुए हैं। हर जगह ये चर्चा थी कि कांग्रेस की सरकार आ रही है, लेकिन सरकार तो भाजपा ले आई। आखिर सभी के आंकलन कहां फेल हो गए।**

जवाब : कोई आंकलन फेल नहीं हुआ। मैं आज भी कह रहा हूं कि वोट प्रतिशत पर ध्यान दें। कांग्रेस को 40 प्रतिशत वोट मिला है और भाजपा 39.3 प्रतिशत वोट लेकर आई है। मतलब ये कि कांग्रेस को जनता ने चुना है। सीटें भले ही भाजपा को मिली है लेकिन वोट प्रतिशत कांग्रेस का बढ़ा है। इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि कांग्रेस 38 सीटें लेकर आई है जबकि भाजपा को 47 सीटे मिली।

**सवाल : आप हरियाणा की जीत पर वोट प्रतिशत की बात कर रहे हैं और वो अयोध्या के बाद काशी-मथुरा की बात कर रहे हैं, आपका इस पर क्या कहना है।**

जवाब : सबके सामने है कि प्रभु का आशीर्वाद अयोध्या में समाजवादी पार्टी को मिला। हमें विश्वास है कि प्रभु का आशीर्वाद काशी और मथुरा में भी मिलेगा। हम प्रभु के आचरण को आदर्श को अपनाते हैं। प्रभु कण-कण में हैं इसलिए प्रभु भाजपाइयों के मन की बात जानते हैं। वो जानते हैं कि इनके भीतर मेरे लिये आस्था नहीं है। ये धर्म में राजनीति लाते हैं जबकि हम धर्म को आस्था का विषय मानते हैं। इसलिए प्रभु ने समझा कि मेरे बच्चों की बात सपा करती है। प्रभु के बच्चे किसान हैं, युवा हैं, छात्र हैं इनके हितों की आवाज सपा उठाती है और हमें प्रभु ने आशीर्वाद दिया। वो समझ गए कि समाजवादी ही मेरे सच्चे भक्त हैं।

**सवाल : 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी ताकत से आई। समाजवादी पार्टी ने अच्छा परफोर्मेंस किया। पिछली बार से उसकी सीटें भी बढ़ीं लेकिन योगी तो फिर सरकार लेकर आ गए अब 9 सीटें हैं और यहां भाजपा को मात देने के लिये सपा के पास कौन-कौन से मुद्दे हैं।**

जवाब : भाजपाई भी वहीं खड़े हैं और उन्होंने कहा था कि हम आएंगे तो खुशहाल समाज देंगे। भाजपा ने ये कब बोला था कि नफरत का समाज देंगे। आपने कहा था कि हम होंगे तो नकल माफिया जेल चले जाएंगे, नकल बंद हो जाएगी। मगर नकल तो सबसे ज्यादा इसी सरकार में हुई है। पेपर लीक भी इसी सरकार में देखने को मिल रहे हैं। बीएचयू की बेटियों के साथ अन्याय हुआ। भाजपा आईटी सेल के लोग पकड़े गए। भाजपा के विधायक पर मुकदमा दर्ज हुआ। बहराइच की घटना देख लो, इनका खुद का विधायक एफआईआर दर्ज करवा रहा है। इससे आप समझ सकते हैं कि किस तरह का माहौल है। भाजपा ने समाज में ऐसा माहौल बनाया है कि दंगे होने लगे। आखिर ये समाज को किस तरफ ले जाना चाहते हैं। हमने पीडीए का नारा दिया संविधान का। जिसका पहला शब्द है हम भारत के लोग। दूसरा शब्द है समाजवाद फिर पंथ निर्पेक्ष शब्द आता है और फिर लोकतांत्रिक सामाजिक न्याय शब्द आता है। पीडीए यही तो है, जो लोग पिछड़े हैं, आधी आबादी के हैं, अल्पसंख्यक हैं, वो लोग जो पीछे छूट गए हैं उन्हें मुख्य धारा में शामिल करना समाजवाद है। हम इसी समाजवाद की बात कर रहे हैं। सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं। पंथ निर्पेक्ष में सभी धर्मों के सम्मान की बात है, हम उसी की वकालत कर रहे हैं। संवेधानिक अधिकारों की बात कर रहे हैं। आप आरक्षण को नहीं छीन सकते, हम समाज को जोड़ने की बात कर रहे हैं।

**सवाल : उपचुनाव दस में से नौ सीटों पर हो रहा है आपको कितनी उम्मीदें हैं।**

जवाब : समाजवादी पार्टी को जनता आशीर्वाद दे रही है और हमें उम्मीद है कि नौ की नौ सीटों पर हम चुनाव जीतेंगे। गाजियाबाद में भी इस बार समाजवादी पार्टी जीतने की ओर बढ़ रही है। यहां से हमने दलित चेहरे को जनरल सीट पर टिकट दिया है। हम सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं।

**सवाल : जनरल सीट पर सपा ने 2022 में भी दलित को टिकट दिया था। तब भी समाजवादी पार्टी इन्ही मुद्दों के साथ थी, लेकिन उसे ना तो कोई खास वोट मिले थे और ना ही कोई खास जीत मिली थी। आपको कैसे लगता है कि इस बार कोई चमत्कार होगा।**

जवाब : चमत्कार की बात नहीं है हम मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं, जनता मुद्दों को मानती है। जनता को समाजवादी पार्टी की बातों पर विश्वास है। जनता को हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के वादों पर विश्वास है। वो जो कहते हैं वो करते हैं। जब समाजवादी सत्ता में थी तो उन्होंने लैपटॉप देने का वादा किया था और लैपटॉप छात्रों को मिले। समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में एक्सप्रेस-वे और मेट्रो की सौगात मिली। लखनऊ में वर्ल्ड क्लास स्टेडियम दिया। 100 डायल सिस्टम से पुलिस सिस्टम को मजबूत किया, भले ही वो भाजपा ने बाद 112 कर दिया। गाजियाबाद में ऐलिवेटिड रोड दी। सपा जो वादे करती है उन्हें पूरा करती है। भाजपाई बताएं उन्होंने कौन सी विकास की सौगात दी है।

**सवाल : आपने कहा कि आपने बहुत विकास किया, जातिगत समीकरण तो सपा भी साध रही है। जनरल सीट पर दलित को टिकट देकर वो चुनाव को जाति में क्यों उलझा रही है।**

जवाब : हम सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं, हम संविधान के अनुसार चाहते हैं कि सबको आगे आने का मौका मिले। भाजपा इसी बात को घुमाना चाहती है। वो दबे-कुचले वर्ग के वोट तो लेना चाहती है, लेकिन उन्हें सामाजिक न्याय नहीं देना चाहती। हम सबको जोड़ने की बात कर रहे हैं, हिन्दुस्तान कोआगे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। जब हम सब जुड़ेंगे तभी तो सब आगे बढ़ेंगे।

**सवाल : लेकिन सामाजिक न्याय की बात तो भाजपा भी करती है।**

जवाब : भाजपा का सामाजिक न्याय है नफरत। वो बटोगे तो कटोगे की बात करती है। नफरत फैलाकर सत्ता हासिल करना उसका लक्ष्य है। वो सत्ता हासिल करना चाहती है और हम सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं।

**सवाल : 2027 की ओर बढ़ें और देखें कि उपचुनाव में नौ सीटें हैं। गाजियाबाद को भाजपा का अपराजय गढ़ कहा जाता है। 2024 का नतीजा देखें और 2027 में आप इस ग्राफ को कितना आगे बढ़ने की उम्मीद लगाते हैं।**

जवाब : आपने 2024 में देखा कि 43 सीटों पर हमें जनता का आशीर्वाद मिला। इसी तरह से हमें जनता का आशीर्वाद मिलेगा और ये ग्राफ बढ़ेगा। मैं ये दावा कर रहा हूं कि 2027 में आपको खोजना पड़ेगा कि भाजपा कहा है। ये आप भी जानते हैं कि नौ सीटों पर सत्ता में चुनाव हो रहा है। एक सीट पर चुनाव नहीं करवा पा रहे हैं। इसकी वजह डर है और मेरा दावा है कि हम नौ की नौ सीटें जीत रहे हैं।

**सवाल : आप तो सपा प्रवक्ता हैं इसलिए अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की तारीफ करेंगे ही उन्हें सबसे बड़ा लोकप्रिय नेता बताएंगे ही।**

जवाब : ये तारीफ मैंने नहीं की, ये तारीफ जनता ने की है। 43 सीट देकर उनकी लोकप्रियता को बढ़ाया है। हम उस जनता की बात कर रहे हैं जिसने अपना आशीर्वाद दिया है। डबल इंजन की सरकार में साइकिल ने 43 सीटें जीती हैं। ये तो जनता भी जानती है और कहा भी जाता है कि अगर धांधली नहीं होती तो समाजवादी पार्टी 60 से भी ज्यादा सीटों पर चुनाव जीतती।

**सवाल : आपने कहा कि भाजपा ह्यबंटोगे तो कटोगेह्ल का नारा ला रही है लेकिन उपचुनाव में तो ऐसा लग रहा है कि सपा और कांग्रेस ही बंट गए। पहले लग रहा था कि कुछ सीटों पर कांग्रेस भी लड़ेगी, लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि कांग्रेस चुनाव रणभूमि से कट गई और सारी सीटें सपा में बंट गई। क्या रिश्तों में कुछ खटास आ गई है।**

जवाब : आप समझ सकते हैं कि हमारा गठबंधन कितना मजबूत है। कोई खटास नहीं है ये चुनावी रणनीति है। कांग्रेस को लगा कि हम अच्छा लड़ सकते हैं तो उन्होंने हमें आगे किया है। नौ सीटों पर समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ रही है। आपको कैसे लगा कि खटास है। क्या कांग्रेस के किसी बड़े नेता ने इस फैसले परकोई सवाल उठाया। ना तो हम बंटे हैं ना कटे हैं, ये केवल हमारी अपनी रणनीति है।

**सवाल : क्या ये रणनीति 2027 में भी रहेगी। क्या ये मानकर चलें कि कांग्रेस 2027 में सपा के लिये सारी सीटें छोड़ देगी।**

जवाब : अभी उपचुनाव की बात हो रही है। जब विधानसभा चुनाव होंगे तब दूसरी रणनीति होगी। हर चुनाव के हिसाब से रणनीति तय होती है। हमें भाजपा की नफरत की राजनीति को हराना है और विकास की राजनीति को जिताना है। राष्ट्र बचाने के लिये राष्ट्र के लिये जो अच्छा होता है वो हम मिलकर तय कर लेंगे।



**सवाल : आपको शहर विधानसभा उपचुनाव में जिम्मेदारी मिली है और ये आपकी प्रतिष्ठा से भी जुड़ा है। आप यहां समाजवादी पार्टी की जीत के प्रति कितना आश्वस्त है।**

जवाब : मुझे पूरा विश्वास है कि गाजियाबाद की जनता इस बार इंडिया गठबंधन को जिताएगी। मुझे गाजियाबाद की जनता पर विश्वास है क्योंकि यहां की जनता जानती है कि समाजवादी ही विकास की बात करते हैं। जो भाजपा यहां लगातार आ रही है वो ये बताए कि सबकुछ उसका होने के बाद यहां सड़कों पर धूल क्यों उड़ रही है। यहां की हवा प्रदूषित क्यों है, यहां की नदी प्रदूषित क्यों है, यहां की जनता कबसे एक सरकारी अस्पताल मांग रही है, वो कब मिलेगा। मेडिकल कॉलेज कब मिलेगा। सुंदर पार्क, सड़कें, स्टेडियम कब मिलेगी। मैं शहर विधानसभा उपचुनाव को लेकर पूरी तरह आशावान हूं और हम यहां जीत की ओर बढ़ रहे हैं।

## मुझे पूरा विश्वास है कि गाजियाबाद की जनता इस बार इंडिया गठबंधन को जिताएगी। मुझे गाजियाबाद की जनता पर विश्वास है क्योंकि यहां की जनता जानती है कि समाजवादी ही विकास की बात करते हैं।



**सवाल : समाजवादी पार्टी मुख्य धारा में शामिल करने की बात कर रही है। अखिलेश यादव पीडीए लेकर आगे बढ़ रहे हैं। वहीं सीएम और पीएम कहते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे। आप इस डायलोग को किस दृष्टि से देखते हो। सुना है पब्लिक में ये बड़ा पोपुलर हो रहा है।**

जवाब : आपने देखा होगा कि समाज के भीतर जब भी कोई नकारात्मक शब्द आता है तो उसे अच्छा नहीं माना जाता है। कटना शब्द कभी भी अच्छा नहीं माना गया है। हमेशा जोड़ने की बात होती है। नकारात्मक शब्दों का इस्तेमाल भाजपा इसलिए कर रही है क्योंकि उसको पता है कि वो जनता की नजरों से उतर चुकी है। हम गठबंधन की 43 सीटें जीतकर आए हैं। इसका मतलब है कि जनता हमारे मुद्दों को समझ रही है। भाजपाई घबराकर नये-नये स्लोगन तैयार कर रहे हैं। अरे आप सत्ता में हैं आपको डायलोग की क्या जरूरत है। आप तो डिलीवरी कीजिए, आप डिलीवर नहीं कर पा रहे हैं इसलिए आप डायलोग बना रहे हैं। ऐसे वैसे डायलोग बनाने से बेहतर होता कि आप अच्छे कामों की डिलीवरी करते।



**सवाल : सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले विक्रेर्ताओं से अपनी पहचान और नाम लिखने के लिये कहा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाई। दुकानों के आगे नाम की तख्ती के बाद लोनी में जूस में यूरीन मिलाने का मामला सामने आया, ता कहीं थूक का वीडियो सामने आया, आप इन सबको किस तरह से लेते हैं।**

जवाब : आपने देखा कि एक महिला घर में खाना बनाती थी। वो आटे यूरीन मिला रही थी, इसको आप किस नजरिये से देखते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि जिन्होंने ऐसा कार्य किया उनके ऊपर आपने क्या कार्रवाई की, आपका सिस्टम कहां फेल हो गया, आपके पास फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट है, खाद्य मंत्रालय है, फूड इंस्पेक्टर है, आखिर ये लोग कहां है। ये घटनाएं सोशल मीडिया की सुर्खियों से ज्यादा सरकार के लिये कार्यवाही का विषय है। आप एक्शन लीजिए, ऐसा करने वालों में कानून का डर होना चाहिए, लेकिन आप राजनीतिक लहजे से माहौल मत बनाइए। आप ऐसा माहौल बनाइए कि ये संदेश जनता के बीच हो कि अगर कोई भी अशुद्ध खाना देगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई, कड़ी सजा मिलेगी, छापामार अभियान चलाओ, लेकिन यहां तो चार दिन चर्चा के बाद आप ही बताए कि कहां चेकिंग हो रही है।

## 'आपने देखा कि एक महिला घर में खाना बनाती थी। वो आटे यूरीन मिला रही थी, इसको आप किस नजरिये से देखते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि जिन्होंने ऐसा कार्य किया उनके ऊपर आपने क्या कार्रवाई की।'

**सवाल : लेकिन भाजपाई तो मानते हैं कि योगी आदित्यनाथ जनता के बीच एक लोकप्रिय चेहरा हैं और इन्हें आने वाले पीएम के रूप में भी देखा जाता है, तो 2027 को लेकर आप भाजपा खोजने की बात क्यों कर रहे हैं।**

जवाब : अगर लोकप्रियता की बात करें तो अभी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सामने कोई दूसरा चेहरा नहीं है। उनको विकास पुरुष कहा जाता है। वो सही मायनों में धरती पुत्र हैं। मिट्टी से लगाव है और अपने कार्यकर्ता को जानते हैं पहचानते हैं। कमजोर गरीब हर वर्ग से उनका नाता है। उनकी पकड़ जमीनी स्तर पर है। जो लोकप्रियता अखिलेश यादव की है वो फिलहाल अभी किसी नेता के पास नहीं है। बाकी नेता हवाहवाई है। गांव देहात से जुड़ा एक ही नेता है जो आज भी समय मिलते ही अपने गांव जाते हैं।

**सवाल : लेकिन वो तो कहते हैं कि हम विकास कर रहे हैं।**

जवाब : विकास तो हो ही रहा है। चारों तरफ नफरत का कितना विकास हो रहा है, दंगा हो रहा है, महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, पीसीएस के छात्र सड़क पर हैं, ये भाजपा शासन में विकास का मॉडल है।



## अगर लोकप्रियता की बात करें तो अभी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सामने कोई दूसरा चेहरा नहीं है। उनको विकास पुरुष कहा जाता है। वो सही मायनों में धरती पुत्र हैं।

## संपादकीय

# पृथ्वी का संरक्षण

अंतरराष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर हमें अपने जीवन के रूप में मिले सौभाग्य के लिए धरती के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह भी सोचना चाहिए कि पृथ्वी आज किन संकटों का सामना कर रही है, उन संकटों के लिए हम यानी मनुष्य कितना दोषी है तथा उन संकटों के समाधान के लिए हमें क्या करना चाहिए।

वर्ष 1970 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य यही था कि लोगों में धरती की बेहतरी और पर्यावरण संरक्षण के लिए चेतना बढ़े. वर्ष 2009 में इस दिवस को अंतरराष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस नाम दिया गया. निश्चित रूप से मनुष्य समेत सभी जीवों और वनस्पतियों के लिए धरती माता ही है. पृथ्वी ही एकमात्र ग्रह है, जहां जीवन है. आज इसके समक्ष तीन गंभीर चुनौतियां हैं- जलवायु परिवर्तन, प्रकृति एवं जैव-विविधता का ह्रास तथा प्रदूषण एवं कचरा. इन संकटों के कारण आज दस लाख से अधिक जंतु, पेड़-पौधे और अन्य जीव विलुप्त होने की कगार पर हैं. धरती के तापमान में निरंतर बढ़ोतरी मनुष्य और तमाम जीवों, पेड़-पौधों के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है।

यद्यपि तापमान कम करने, उत्सर्जन घटाने, स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन एवं उपभोग बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयास हो रहे हैं, पर ये कोशिशें पर्याप्त नहीं हैं. संकट की गंभीरता को देखते हुए व्यापक सक्रियता की आवश्यकता है. केवल इसी सदी में सूखे की संख्या एवं अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है. जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ती जा रही हैं. पिछले साल हमारे देश में लगभग हर दिन किसी-न-किसी हिस्से में प्राकृतिक आपदा घटित हुई थी।

मनुष्य एवं पशुओं के लिए भोजन की मांग लगातार बढ़ती जा रही है. मिट्टी एवं पानी के अत्यधिक दोहन और रसायनों के बेतहाशा इस्तेमाल के कारण दुनिया में दो अरब हेक्टेयर से अधिक भूमि का क्षरण हो चुका है. वनों का विस्तार सिमट रहा है, नदियों, जलाशयों और भूजल के स्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है. हर साल 43 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन और उपयोग हो रहा है, जिसका दो-तिहाई हिस्सा कचरे में चला जाता है।

स्थिति यह है कि वह कचरा हमारे खाने-पीने की चीजों में घातक तत्वों के रूप में मिलने लगा है. जल, वायु एवं भूमि के प्रदूषण से बड़ा स्वास्थ्य संकट हमारे सामने है. दुनिया की 99 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या असुरक्षित हवा में सांस लेने के लिए विवश है. समस्याओं की यह सूची अंतहीन है, लेकिन सरकारों, उद्योगों, विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ आपकी और हमारी व्यक्तिगत भागीदारी से इनका समाधान भी संभव है. प्लास्टिक और जीवाश्म ईंधनों पर हम अपनी निर्भरता को घटा सकते हैं. मोटे अनाजों के उपभोग से और पेड़-पौधे लगाकर हम योगदान दे सकते हैं. हमें सचेत और सक्रिय होने की आवश्यकता है।

## एसबीआई का दावा... 10% तक टूट सकता है रुपया

# ट्रंप की जीत में भारत के लिए चुनौतियां और मौके दोनों



**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8-10 फीसदी तक कमजोर हो सकता है। एसबीआई की सोमवार को जारी शोध रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कुछ समय के लिए गिरावट आ सकती है। इसके बाद स्थानीय मुद्रा मजबूत होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के पहले कार्यकाल में रुपये में 11 फीसदी की गिरावट आई थी। हालांकि, यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में आई गिरावट से कम है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की ऐतिहासिक वापसी ने बाजारों और चुनिंदा परिसंपत्ति वर्गों में जान फूंक दी है। हालांकि, भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों हैं। शुल्क में वृद्धि, एच-1बी वीजा प्रतिबंध और मजबूत डॉलर की संभावना से अल्पावधि में अस्थिरता आ सकती है।

...तो देश में बढ़ जाएगी महंगाई

एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि अगर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में डॉलर के मुकाबले रुपये में 5 फीसदी की गिरावट आती है, तो इससे भारत में महंगाई 25-30 आधार अंक बढ़ जाएगी। हालांकि, इस बढ़ोतरी का असर महंगाई पर बहुत कम होगा। इसके अलावा, एफडीआई के मोर्चे पर भी भारत को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

## भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 700 अंक फिसला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार के कारोबारी सत्र में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। दोपहर 1:40 पर सेंसेक्स 707 अंक या 0.89 प्रतिशत और निफ्टी 216 अंक या 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,939 पर था। लार्जकैप के साथ छोटे और मझोले शेयरों में भी गिरावट देखी जा रही है। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 123 अंक या 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,101 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 356 अंक या 0.64 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 55,497 पर था। आईटी और रियल्टी को छोड़कर बाकी सभी सेक्टरों में बिकवाली देखी जा रही है। ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, एफएमसीजी, मेटल, एनर्जी और प्राइवेट बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट है। बाजार का रुझान नकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,750 शेयर लाल निशान में और 699 शेयर हरे निशान में थे। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, सन फार्मा, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन और टीसीएस हरे निशान में थे। एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, पावर ग्रिड और एचयूएल टॉप लूजर्स थे। बाजार में गिरावट की वजह कंपनियों द्वारा दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजे पेश करना और विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही बिकवाली को माना जा रहा है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से इस महीने की शुरुआत से अब तक 22,156 करोड़ रुपये की इक्विटी में बिकवाली की है। अक्टूबर में यह आंकड़ा 1,14,445 करोड़ रुपये पर था। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन हरे निशान पर बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 11 नवंबर को 2,306 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 2,026 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बाजार सोमवार को राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प की प्रस्तावित राजकोषीय नीतियों से शेयरों को लाभ मिलने की उम्मीद रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

# भारत का आईटी खर्च 2025 में 160 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत का आईटी खर्च आने वाले समय में तेजी से बढ़ सकता है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत का आईटी खर्च 2025 में 160 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2024 से 11.2 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। गार्टनर की एक रिपोर्ट के अनुसार, एप्लीकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉफ्टवेयर मार्केट दोनों के बढ़ने के कारण, भारत में सॉफ्टवेयर खर्च में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि दर दर्ज होने का अनुमान है, जो 2025 में 17 प्रतिशत बढ़ जाएगी। गार्टनर के वीपी एनालिस्ट नवीन मिश्रा ने कहा, 2025 में, भारतीय मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) प्रारंभिक प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट परियोजनाओं से अलग जनरेटिव एआई (जेनएआई) के लिए बजट आवंटित करना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा, जेनएआई पर खर्च बढ़ेगा, लेकिन भारतीय मुख्य सूचना अधिकारियों की इसकी क्षमताओं को लेकर अपेक्षाएं कम हो जाएंगी।



इसके अलावा, भारतीय सीआईओ 2024 की तुलना में 2025 में साइबर सुरक्षा, बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स जैसी टेक्नोलॉजी पर खर्च करने में यकीन रखेंगे। कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट में जेनएआई-इनेबल्ड ऑफरिंग का प्राइस प्रीमियम, ईमेल-ऑथरिंग और एनालिटिक प्लेटफॉर्म सॉफ्टवेयर से जुड़े खर्च को बढ़ाएंगे, जिससे इस सेगमेंट में तेजी आएगी। वर्ष 2025 तक जेनएआई कैपेबिलिटी वाले 50 प्रतिशत से अधिक एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर प्राइस प्रीमियम से जुड़े होंगे। प्राइसिंग ऑप्शन को लेकर भी 2025 तक बढ़ोतरी जारी रहेगी, क्योंकि जेनएआई प्रीमियम को लेकर खरीदार अपनी इच्छा जाहिर कर रहे हैं। वैश्विक सेवा बाजार में खर्च को लेकर सतर्कता, आर्थिक अनिश्चितता और उच्च पूंजीगत लागतों के बावजूद भारत में आईटी सेवाओं का खर्च 2025 में 11.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार क्लाउड, एप्लिकेशन और परामर्श से जुड़ी सेवाओं में मजबूती आएगी। इसके साथ ही, 2025 (और उसके बाद) में श्रम उत्पादकता को बेहतर करने पर ध्यान रहेगा। भारत में डेटा सेंटर सिस्टम पर खर्च 2025 में कुल 4.7 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंटीग्रेशन के लिए नए इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर उद्यमों की आवश्यकता से जुड़ा है।

# अप्रैल-नवंबर में भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 12.1 लाख करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के दौरान 1 अप्रैल से 10 नवंबर तक भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.4 प्रतिशत बढ़कर 12.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें कॉर्पोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर शामिल हैं। इस अवधि के दौरान सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपये हो गया। सरकार ने 2.9 लाख करोड़ रुपये का कर रिफंड जारी किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में शुद्ध कॉर्पोरेट कर संग्रह 5.10 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि गैर-कॉर्पोरेट कर 6.62 लाख करोड़ रुपये रहा। गैर-कॉर्पोरेट कर में व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों द्वारा भुगतान किया गया कर शामिल था। इक्विलाइजेशन लेवी और उपहार कर सहित अन्य करों से कुल 35,923 करोड़ रुपये एकत्र किए गए। सरकार ने 2024-25 के दौरान प्रत्यक्ष करों से 22.12 लाख करोड़ रुपये एकत्र करने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी आंकड़े से 13 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। कर संग्रह में दोहरे अंकों की वृद्धि देश की मजबूत राजकोषीय स्थिति को दशार्ती है जो आर्थिक विकास से प्रेरित है। यह 2023-24 में उच्च वृद्धि के भी ऊपर के स्तर को दशार्ता है जब शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह केंद्रीय बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये या 7.4 प्रतिशत अधिक था। 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट में प्रत्यक्ष संग्रह का लक्ष्य 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था और बाद में संशोधित अनुमान (आरई) में इसे बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। सीबीडीटी ने कहा कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड के बाद) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक रहा है। कर संग्रह में उछाल से सरकार के खजाने में अधिक धनराशि आती है। इस धनराशि का इस्तेमाल सरकार द्वारा आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

संता अपने हेल्थ के बारे में अपने
डॉक्टर से मिलने गया,
संता की नौकरी, पगार, काम के प्रकार इत्यादि को
सुनकर डॉक्टर ने सलाह दी-
ज्यादातर पैदल चला करो
कोल्डड्रिंक्स कम कर दो
शराब तो बिलकुल ही छोड़ दो
बहुत ज्यादा पानी पियो
अगर आप-पास जाना हो तो रिक्शा से
मत जाओ, चल के जाओ
बाहर का खाना पूरी तरह से बंद करो
घर पर तेल, घी मत खाओ और मांस, अंडे,
मछली खाना बंद करो
संता ने हां तो बोल दिया.. फिर डरते-
डरते सवाल पूछा-
डॉक्टर साहब...मुझे हुआ क्या है??
डॉक्टर- तुम्हें हुआ कुछ नहीं है...तुम्हारी सैलरी
ही कम है बे! इलाज झेल नहीं पाओगे...

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## 13 11 2024 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



जूही चावला
अभिनेत्री


अनुष्का कश्यप


चेतन त्यागी


मनोज जयंत


पंकज गुप्ता


मोहित त्यागी


संजीव वर्मा


उम्मेद पाल सिंह


विकी अग्रवाल


अमित शर्मा


डा नरेन्द्र कुमार


इमरान मलिक


मुकेश कुमार


नितिन प्रधान


संजय गौतम


संजीव कुमार राणा


विवेक भाटी


विनीत यादव


अमित शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# 28वीं बार बिलियर्डर्स खिताब जीतने पर पीएम मोदी ने दी पंकज आडवाणी को बधाई, कहा- यह शानदार उपलब्धि है





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी को दोहा में आईबीएसएफ विश्व बिलियडर्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक 28वां खिताब जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि भावी खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। उन्होंने इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराकर यह उपलब्धि अपने नाम की।

पीएम ने दी बधाई

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, शानदार उपलब्धि। आपको बधाई। आपकी प्रतिबद्धता, लगन और समर्पण बेहतरीन है। आपने समय समय पर दिखाया है कि उत्कृष्टता क्या होती है। आपकी सफलता से भावी खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी। आडवाणी ने पहला विश्व खिताब 2016 में जीता था। कोरोना महामारी के दौरान 2020 और 2021 में विश्व चैंपियनशिप नहीं हुई थी। पंकज आडवाणी ने 151-94, 151-0, 150-84, 74-151, 6-154, 152-46 से जीत दर्ज की। यह लगातार सातवीं बार है जब पकंज यह खिताब अपने नाम करने में सफल रहे हैं। जीत के बाद पंकज आडवाणी ने कहा, विश्व बिलियडर्स खिताब बार-बार जीतकर अच्छा लगता है। यह मुकाबला हालांकि आसान नहीं था। प्रतिस्पर्धा काफी कठिन थी।

# बीजीटी के लिए ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने किया टीम इंडिया का अनोखा स्वागत

## अखबारों में दी विराट कोहली को स्पेशल जगह

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 को लेकर कुछ ना कुछ खबरे सामने आती रहती हैं। अब केकेआर यानी कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से एक खबर सामने आई है दरअसल, केकेआर के नए कप्तान को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। केकेआर के कप्तान को लेकर ऐसा नाम सामने आया है। जिस पर यकीन करना मुश्किल होगा।



रिपोर्ट के अनुसार टीम के बेहतरीन बल्लेबाज रिंकू सिंह आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिंकू सिंह ही आईपीएल 2025 में श्रेयस अय्यर की जगह टीम की अगुवाई करेंगे। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने इस पर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। आईपीएल 2025 के लिए केकेआर ने आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह और हर्षित राणा को रिटेन किया है। केकेआर ने 4 कैप्ड खिलाड़ी और 2 अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन किए हैं। 55 लाख रुपये वाले रिंकू सिंह को केकेआर ने आगामी सीजन के लिए 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। वरुण चक्रवर्ती 12 करोड़ रुपये, सुनील नरेन 12 करोड़ रुपये, आंद्रे रसेल 12 करोड़ रुपये, हर्षित राणा 4 करोड़ रुपये और रमनदीप सिंह भी 4 करोड़ रुपये में रिटेन हुए हैं।

केकेआर ने 120 करोड़ में से करीब 57 करोड़ रुपये 6 खिलाड़ी रिटेन करने में खर्च कर दिए हैं। अब केकेआर के पास आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में 63 करोड़ रुपये होंगे। पहले ऐसा कहा जा रहा था कि केकेआर सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाना चाहती है, लेकिन सूर्या अब मुंबई में ही रहेंगे। ऐसे में केकेआर को नए कप्तान की तलाश थी, अब खबर है कि केकेआर ने कप्तान के तौर पर रिंकू सिंह के नाम की मुहर लगा दी है। हालांकि, इसका आधिकारिक एलान नहीं हुआ है।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने किया शानदार प्रदर्शन, चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीता



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने बहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए आखिरी दो क्लासिकल दौर में शानदार करके चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, ग्रैंडमास्टर वी प्रणव पूरे टूनामेंट में अपराजेय रहकर चैलेंजर्स खिताब के हकदार बने। मास्टर्स वर्ग में शीर्ष स्थान के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था जिसमें अरविंद ने ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन को पहले ब्लिट्ज प्लेऑफ में हराया। इसके बाद काले मोहरों से खेलते हुए दूसरा मुकाबला ड्रॉ खेला। अरविंद ने परहम एम के खिलाफ अगला मुकाबला जीता, जबकि ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और लेवोन आरोनियन ने ड्रॉ खेला। आरोनियन ने ग्रैंडमास्टर अमीन टाबाटाबाइ से ड्रॉ खेला, जबकि अर्जुन ने ग्रैंडमास्टर मैक्सिक वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ पर सहमति जताई। अरविंद टाइब्रेक में बेहतर स्कोर के आधार पर शीर्ष पर हैं, जबकि आरोनियन और अर्जुन ने दो गेम का ब्लिट्ज प्लेऑफ खेला और दोनों विजयी रहे जिससे सडन डैथ तक मुकाबला पहुंचा। आरोनियन ने अर्जुन को ड्रॉ पर रोककर फाइनल में अरविद के खिलाफ जगह बनाई। अरविंद ने पहला मुकाबला जीता और दूसरा ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया। चैलेंजर वर्ग में प्रणव को ग्रैंडमास्टर ल्यूक मेंडोंका के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होंने ड्रॉ के साथ चैलेंजर खिताब जीता।

# एशियाई हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी का दूसरा दिन, कोरिया पर भारी पड़ रही कोरिया टीम

**नई दिल्ली।** नालंदा के राजगीर खेल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला एशियाई हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी का आज दूसरा दिन है। पहले दिन के दो मैच में जापान और चीन ने बाजी मारी। मंगलवार को पहला मुकाबला जापान और थाईलैंड के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। पहले हाफ में थाईलैंड ने एक गोल से बढ़त बना ली है। इसके बाद जापान की टीम ने अपना खाता खोला।



### हॉकी इंडिया ने मलेशिया को 4-0 से रौंदा

भारतीय महिला हॉकी टीम ने विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की धमाकेदार शुरूआत की। जहां उसने 4-0 से बड़ी जीत हासिल की। ऐतिहासिक शहर राजगीर में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने अपने आक्रामक खेल और मजबूत रक्षात्मक रणनीति से मलेशिया को हर मोर्चे पर पछाड़ दिया। संगीता कुमारी ने 8वें और 55वें मिनट में दो गोल किए। जबकि प्रीति दुबे (43) और उदिता (44) ने एक-एक गोल कर टीम की जीत को सुनिश्चित किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम को तीन महत्वपूर्ण अंक मिले, जिससे वह टूनार्मेंट में एक मजबूत दावेदार बनकर उभरी।

पहला मैच थाईलैंड और जापान के बीच हुआ। एक-एक की बराबरी पर खत्म जापान और थाईलैंड के बीच दूसरा मुकाबला खत्म हुआ। दोनों ही टीम ने एक-एक गोल किए।

स्टेडियम दर्शकों से हुआ भरा हुआ है। दूधिया रौशनी में मुकाबला शुरू हुआ।इधर, दूसरा मुकाबला मलेशिया और चाइना के बीच शुरू हो चुका है। तीसरे क्वार्टर तक चाइना ने दो गोल की बढ़त बना ली है। मलेशिया का अब तक तक खाता भी नहीं खुला। चाइना ने पांच गोल दाग कर मैच को अपने नाम कर लिया है। भारत और कोरिया के राष्ट्रगान के बाद दिन का तीसरा मुकाबला शुरू हो गया। भारत ने तीसरे मिनट में ही पहला गोल किया। भारत 1 और कोरिया 0 पर है और खेल अभी जारी है।

# सिंधू की नजरें फॉर्म में वापसी पर टिकी होंगी, लंबे समय से कर रही हैं संघर्ष

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 टूनामेंट में भारतीय चुनौती की अगआई करते हुए फॉर्म में लौटने का प्रयास करेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों को पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। सिंधू डेनमार्क ओपन सुपर 750 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन लक्ष्य सेन आर्कटिक ओपन सुपर 500 और डेनमार्क ओपन दोनों में जल्दी बाहर हो गए थे।



### करीब 24 महीनों से संघर्ष कर रही हैं सिंधू

सिंधू करीब 24 महीनों से संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने 2022 में सिंगापुर ओपन का खिताब जीता था जिसके बाद से वह चैंपियन बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। रियो ओलंपिक 2016 में रजत और टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू इस साल पेरिस ओलंपिक में पदक नहीं जीत सकी थीं और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा था। इन असफलताओं के बावजूद सिंधू को विश्वास है कि अपने नए कोच अनुप श्रीधर और कोरिया के दिग्गज ली स्युन इल के साथ मिलकर काम करने से वह बेहतर परिणाम हासिल करेंगी।

जापान ओपन के पहले दौर में सिंधू का मुकाबला थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। सिंधू ने कहा, मैं शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हूं। हमने खेल के विभिन्न पहलुओं पर काम किया है। मुझे उम्मीद है कि नए कोचों के मार्गदर्शन में मैं जापान और चीन में अच्छा प्रदर्शन करने सफल रहूंगी।

दूसरी ओर, लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरूआत मलेशिया के लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका अगला मुकाबला इंडोनेशिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एंथोनी गिंटिंग से हो सकता है। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी भी इस टूनामेंट में अपनी चुनौती देश करेंगी। पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे की सू यिनहुई और लिन झिह युन से होगा।

# भारत के इनकार से भड़का पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी को लेकर आईसीसी से स्पष्टीकरण मांगेगा क्योंकि उसे सिर्फ बताया गया है कि भारतीय टीम टूनार्मेंट के लिए नहीं आएगी लेकिन हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। पीसीबी को आईसीसी ने बताया है कि बीसीसीआई अगले साल फरवरी में होने वाले टूनार्मेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। बीसीसीआई ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इसकी जानकारी दी।

पीसीबी के एक जानकार सूत्र ने कहा है कि, चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल पर कराने को लेकर कोई बात नहीं हुई है। पिछले साल एशिया कप में हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया था जब भारत के मैच श्रीलंका में और बाकी सारे मैच पाकिस्तान में हुए थे। ऐसी अटकलें हैं कि भारत के मैच दुबई में हो सकते हैं। सूत्र ने कहा है कि, पीसीबी अपने कानूनी सलाहकारों से बात करके आईसीसी को ईमेल भेजेगा।

# संन्यास को लेकर जेम्स एंडरसन का खुलासा, ब्रेंडन मैकुलम-बेन स्टोक्स की बातें सुन रह गए थे हैरान

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन का कहना है कि वे अभी संन्यास नहीं लेना चाहते थे। कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स की बातें सुनकर वह हैरान रह गए थे। उन्होंने द गार्जियन को बताया कि जब मैकुलम और स्टोक्स ने कहा कि वे उनसे आगे बढ़ने की योजना कर रहे हैं, तो उन्हें गुडफेलास के जो पेस्सी जैसा महसूस हुआ।

इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट क्रिकेट लेने वाले गेंदबाज ने कहा कि उन्हें गुस्सा नहीं आया, उन्हें झटका लगा था। उन्होंने कहा कि, मुझे नहीं लगता कि मैं गुस्सा था। मैं बस चौंक गया था। ईमानदारी से कहूं तो, मैं तब तक खेलना जारी रख सकता था तब तक मेरा शरीर मुझे अनुमति देता। शायद मुझे इस एहसास की जरुरत थी कि अब संन्यास लेने का सही समय है। गेंदबाजी कोच के तौर पर इंग्लैंड की टीम से जुड़ने से उन्हें संन्यास के बाद मदद मिली। उन्होंने कहा, अगर ये मेरे जीव से पूरी तरह से चला जाता तो मुझे नहीं लगता कि मैं इसका बहुत अच्छी तरह से सामना कर पाता। वे चाहते थे कि मैं ग्रुप के साथ रहूं, इससे मुझे मदद मिली। मैं अभी भी ड्रेसिंग रूम के माहौल में हूं, अभी भी अपने साथियों को हर दिन खेल रहा हूं। अभी भी टेस्ट मैचों पर प्रभाव डाल रहा हूं, लेकिन जाहिर तौर पर बहुत अलग तरीके से।



एंडरसन का कहना है कि कोचिंग के दौरान के वे अपने व्यक्तित्व को लेकर नए पहलुओं को सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि, मुझे ये काफी रोमांचक लगता है कि मैं एक अलग काम सीख रहा हूं। अपने बारे में और अधिक जान रहा हूं। ये जान रहा हूं कि मैं इसमें अच्छा हूं या नहीं। इसलिए ये काफी दिलचस्प रहा है और एक कोच के तौर पर मैं अब देख सकता हूं कि इस फेसले से वास्तव में टीम को फायदा हुआ है क्योंकि गेंदबाजों के लिए आने और अच्छा प्रदर्शन करने के ज्यादा अवसर मिले हैं।

एंडरसन एंड कंपनी के लिए आगे का समय बहुत व्यस्त रहने वाला है। इंग्लैंड को भारती की मेजबानी करने से पहले न्यूजीलैंड का दौरा करना है। फिर एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। कहना है कि उनका मुख्य काम युवा तेज गेंदबाजों को तैयार करना है। उन्होंने कहा कि, यही वह चीज है जो वे एक साल के समय में होने वाली एशेज के साथ करने की कोशिश कर रहे थे। वे ये सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके पास पर्याप्त अनुभवी खिलाड़ी हों।

# चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे मोहम्मद नबी

**शारजाह।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने घोषणा की है कि वह अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। सोमवार को यहां बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की एकदिवसीय श्रृंखला में 2-1 से जीत के बाद 39 साल के नबी ने कहा कि वह पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद से इस प्रारूप को अलविदा कहने पर विचार कर रहे थे।



श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए नबी ने आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, ह्यह्यपिछले विश्व कप से मेरे दिमाग में था कि मैं संन्यास ले रहा हूं लेकिन इसके बाद हमने चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई कर लिया और मैंने सोचा कि अगर मैं इसमें खेलता हूं तो शानदार होगा।

नबी ने 2009 से 167 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 147 पारियों में 27.48 के औसत और 86.99 के स्ट्राइक रेट से 3,600 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 136 रन हैं। उन्होंने गेंदबाजी में 161 पारियों में 32.47 के औसत और 4.27 के इकोनॉमी रेट से 172 विकेट भी चटकाए हैं। उन्होंने चार बार पारी में चार विकेट और एक बार पांच विकेट हासिल किए हैं। पिछले साल विश्व कप में छठे स्थान पर रहकर अफगानिस्तान ने चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया। अफगानिस्तान की टीम पहली बार आठ टीम के इस टूनार्मेंट में हिस्सा लेगी जिसका आयोजन अगले साल फरवरी में पाकिस्तान में किया जाएगा।

# पर्थ स्टेडियम में लगा लॉकडाउन टीम इंडिया करेगी सीक्रेट ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2024-25 साइकल की सबसे अहम टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में इस बार चार की जगह पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं और इस टेस्ट सीरीज का रिजल्ट ये फैसला करेगा की डब्ल्यूटीसी 2023-25 के फाइनल में भारत जगह बना पाएगा या नहीं।



टेस्ट सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाना है। पर्थ के पुराने टेस्ट वेन्यू हअउअ यानी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन पर भारतीय टीम ने सीक्रेट ट्रेनिंग कैंप लगाया है। हअउअ स्टेडियम के चारों तरफ नेट्स लगाए गए हैं और इसके पब्लिक के लिए बंद कर दिया गया है। विराट कोहली पर्थ पहुंचने वाले भारतीय टेस्ट टीम के पहले खिलाड़ी थे, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज शुरू होने से दो हफ्ते पहले ही पहुंच गए। सीरीज के पहले टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा का खेलना मुश्किल है।

द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, हअउअ स्टेडिय इस समय लॉकडाउन में है, जो उस समय की याद दिलाता है जब ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम पर्थ पहुंची थी। इसकी बाउंड्री को नेट्स लगाकर ढक दिया गया था और पब्लिक के लिए इसे बंद कर दिया गया था और इसके अलावा स्टेडियम के कर्मचारियों को भी अंदर फोन इस्तेमाल करने की परमिशन नहीं थी।

भारत को ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली भारत ए टीम के खिलाफ प्रैक्टिस खेल खेलना था, जो पहले से ही ऑस्ट्रेलिय ए के खिलाफ दो मैचों की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में थी। हालांकि, बीसीसीआई ने घरेलू टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ क्लीनस्वीप के बाद प्रैक्टिस मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच के रूप में ही खेलेंगे।

# पाकिस्तान वापस ले सकता है आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से नाम

**इस्लामाबाद।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने की संभावनाओं पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आने के बीच, डॉन की एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि मेजबान टीम टूनार्मेंट से पूरी तरह से हट सकती है।





भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी और वह अपने मैचों के लिए यूएई जैसे तटस्थ स्थल पर खेलने को लेकर सहज है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन फरवरी में किया जाएगा।

यह ताजा घटनाक्रम उन रिपोर्टों के बाद सामने आया है जिनमें कहा गया है कि आईसीसी इस टूनार्मेंट को पूरी तरह से स्थानांतरित करने पर विचार कर सकता है। डॉन ने एक सूत्र के हवाले से कहा, ₹ऐसे मामले में सरकार जिन विकल्पों पर विचार कर रही है, उनमें से एक विकल्प पीसीबी से यह सुनिश्चित करने के लिए कहना है कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में भाग न ले।₹ साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान सरकार इस मुद्दे को ₹गंभीरता से₹ देख रही है।

इसके अलावा, पीटीआई की एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीवीबी) से पुष्टि मांगी है कि क्या हाइब्रिड मॉडल उन्हें स्वीकार्य है। एक सूत्र ने सोमवार को पीटीआई को बताया, ₹जब तक पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी से हटने का फैसला नहीं करता, तब तक मौजूदा योजना भारत के मैच यूएई में और फाइनल दुबई में आयोजित करने की है।₹ सूत्र ने कहा, भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से कहा है कि हाइब्रिड मॉडल उन्हें तभी स्वीकार्य है जब फाइनल दुबई में हो, पाकिस्तान में नहीं।

इस बीच, पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी अपनी कानूनी टीम द्वारा समीक्षा की गई एक ईमेल आईसीसी को भेजने की योजना बना रहा है। सूत्र ने पीटीआई को बताया, आईसीसी को अपने कानूनी विभाग की सलाह के साथ एक ईमेल भेजा जाना है, जिसमें बोर्ड भारतीय निर्णय पर आईसीसी से स्पष्टीकरण चाहता है। सूत्र ने यह भी सुझाव दिया कि अगर पाकिस्तान कड़ा रुख अपनाता है तो आईसीसी के लिए संभावित कानूनी परिणाम हो सकते हैं। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया है, वाणिज्यिक भागीदारों से कानूनी परिणाम मिलेंगे क्योंकि आईसीसी ने प्रसारकों, प्रायोजकों को वचन दिया है कि सभी शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देश उसके टूनार्मेंट में भाग लेंगे।

पिछले सप्ताह की शुरूआत में, पीसीबी के शीर्ष कार्यकारी मोहसिन नकवी ने कहा था कि पाकिस्तान से ह्लअपने अच्छे इशारों को जारी रखनेह्व की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए, उन्होंने बोर्ड की ओर इशारा करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा पड़ोसी देश में अपनी क्रिकेट टीम न भेजने के रुख के प्रति लचीलापन है। बता दें कि भारत ने 2008 के बाद से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है, दोनों देशों के बीच मैच केवल आईसीसी टूनार्मेंटों में ही होते हैं।

## न्यूज डायरी

### तहसील अधिवक्ताओं ने किया जिला अधिवक्ताओं का समर्थन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर तहसील के अधिवक्ता भी एकजुट हो जिला न्यायालय के अधिवक्ताओं के पक्ष में जमकर नारेबाजी करते हुये मुख्य मार्ग पर आ गये और उन्होंने मुख्य मार्ग को जाम करते हुये पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की। इतना ही नही बैनामा दस्तावेज लेखकों ने भी अपना समर्थन देते हुये रजिस्ट्री कार्यालय भी बंद करा दिया। एक भी रजिस्ट्री नहीं होने दी, और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक जिला जज पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक किसी न्यायालय की कार्रवाही स्थगित रहेंगी, अधिकारियों की तानाशाही बर्दाश्त नही की जायेंगी।

### दबंगों ने हमला कर व्यक्ति का सिर फोड़ा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दबंगों ने मामूली बात को लेकर सरिया मारकर एक व्यक्ति का सिर फोड़ा दिया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सीकरीखुर्द निवासी महेश शर्मा दोपहर तीन बजे के आसपास किसी काम से मोदीनगर जा रहे थे। आरोप है कि जब वह सीकरीखुर्द मार्ग पर बिजली सब स्टेशन के पास पहुंचे तो अचानक उन पर कई लोगों ने हमला बोल दिया। इतना ही नहीं पीछे से भारी वस्तू से प्रहार कर उनका सिर भी फोड़ दिया। गंभीर हालात में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अधेड़ द्वारा नाबालिग युवती को भगा ले जाने के मामले में पुलिस घेरे में, जांच के आदेश

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा नाबालिक युवती को भगा ले जाने के मामले में युवती के परिजनों ने पुलिस पर लाखों रुपए की रिश्वत लेकर बचाने का आरोप लगाया है। मामला संयुक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी के समक्ष पहुंचा। उन्होंने मोदीनगर थाना प्रभारी से जवाब तलब किया और आरोपी पर पास्को एक्ट के तहत कार्यवाही की हिदायत दी।

### घर के बाहर से 11 साल की बच्ची लापता

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** करीब तीन दिन पूर्व 11 वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेलते हुए रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी। परिजनों ने उसे काफी तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है। निवाड़ी थानान्तर्गत गांव सारा निवासी आस मौहम्मद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 9 नवंबर की दोपहर उसकी 11 वर्ष की बेटी निशबा उमर घर के बाहर खेल रही थी, इस बीच वह रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी। काफी तलाश के बावजूद भी वह अभी तक नही मिली हैं। पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी हैं।




### ट्रक ने मारी बाईक को टक्कर, दो घायल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** अनियंत्रित ट्रक ने बाईक सवार को टक्कर मार दी। जिसके कारण एक महिला व बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने चालक श्याम सिंह निवासी गांव महुआ ढाब, थाना मंगलगंज जिला लखीमपुर खीरी को हिरासत में ले लिया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## सिटी जोन की पुलिस दिखी मुस्तैद

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में मंगलवार को सिटी जोन की पुलिस अलर्ट वाले मोड पर रही। सोमवार को मामला जैसे तैसे निपटा था, तो मंगलवार की तैयारी पुलिस ने ठीक-ठाक अंदाज में की। देखा गया कि कमिश्नरेट सिस्टम के दो एसीपी स्तर के अधिकारियों को अधिवक्ताओं के आंदोलन में स्थिति नियंत्रण रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। तो शहर के कई प्रमुख थ्री-स्टार भी इस आंदोलन के बीच नजर आए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिटी में सबसे टेंशन वाले थाने के प्रभारी से लेकर रेलवे लाइन के बराबर वाले और साहब के इलाके वाले थ्री-स्टार इस आंदोलन में देखे गए हैं। वहीं अपनी पर्सनालिटी और वर्किंग के जरिए कमिश्नरेट की सुर्खियों में रहने वाले एसीपी भी मंगलवार को पुलिस ऑफिस के पास तैनात रहे। कुल मिलाकर पुलिस की अधिकता होने के बावजूद भी काले कोट वालों ने कारनामा कर ही दिया। उधर पुलिस कमिश्नरेट और खुफिया तंत्र वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि जैसे-जैसे आंदोलन आगे बढ़ेगा, इसमें अलग-अलग बदलाव और बवाल भी देखने को मिलेंगे। मंगलवार को पुतला दहन वाला और आम लोगों को सबक सिखाने वाला मामला हाईलाइट रहा है। तो जानकारी मिल रही है कि आने वाले दिनों में पुलिस के खिलाफ भी प्रदर्शन तेज और ताकतवर होगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी इस आंदोलन से उसे फोर्स को दूर रखा जा रहा है जो लाठी चलाने की एक्सपर्ट मानी जाती है ,पर दूसरे सुरक्षा बल नजर आ रहे हैं। वहीं अब इस पूरे मामले में 16 तारीख को होने वाली महापंचायत के बाद महानिर्णय होने की उम्मीद जाहिर की जा रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके का सीन बना रहा है, उसके बीच कई तरीके की टेंशन आने वाले दिनों में और बढ़ाने की प्रबल संभावना बनी हुई है। वही इस पूरे मामले में अब मुकदमा वार भी शुरू हो गई है। देखना होगा आने वाले दिनों में इसका कितना असर होता है और पुलिस क्या-क्या नए उपाय अपनाती है। इसके साथ ही पुलिस के अधिकारियों की कोशिश है कि काले कोट वालों का और खाकी वालों का आमना सामना और विवाद वाली स्थिति ना बने क्योंकि इसके परिणाम नुकसानदायक होने की संभावना है, इसीलिए अभी तक पूरा मामला दूर से ही चल रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले तीन दिन आंदोलन को लेकर महत्वपूर्ण रहने वाले हैं और खाकी भी अपनी ओर से बचाव वाला रास्ता अपना कर इस पूरे आंदोलन को शांतिपूर्वक ढंग से निपटने के लिए लगी हुई है।



# संजीव शर्मा को विकास के एजेंडे के लिए मिल रहा जनता का अपार समर्थन

## भाजपा के प्रति जनता का विश्वास ही विकास और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा : संजीव शर्मा




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बीजेपी उम्मीदवार संजीव शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और व्यापार मंडल के प्रमुखों ने हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनता के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझना और बीजेपी के विकासोन्मुख एजेंडे से उन्हें अवगत कराना था।

जनसंपर्क अभियान की शुरुआत दिल्ली गेट के छता मोहल्ला में गौरव गर्ग के नेतृत्व में हुई, जहां क्षेत्रीय जनता ने बीजेपी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। इसके बाद रविदास मार्ग पर स्थित जूट मिल कंपाउंड में कुमारी सुमन सिंह जाटव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कृष्णा नगर बाबू, विजय नगर के भारतीय विद्या सदन स्कूल में मुकेश शर्मा की अगुवाई में हुए कार्यक्रम में भी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंबेडकर नगर व्यापार मंडल, विजय नगर में हरपाल सिंह और वरुण कुमार की उपस्थिति में जनसंपर्क किया गया, जहां व्यापारी वर्ग ने भाजपा की नीतियों की सराहना की। अभियान आगे बढ़ते हुए प्रताप विहार के सेक्टर 11 में रघुवीर सोनी और वरुण कुमार के नेतृत्व में स्थानीय व्यापार मंडल के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी क्रम में ई ब्लॉक सेक्टर 11 प्रताप विहार में देवेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनता ने विकास के प्रति अपना विश्वास जताया। के ब्लॉक सेक्टर 12 प्रताप विहार में विजय शर्मा और भूषण के मार्गदर्शन में आयोजित जनसंपर्क में भी भाजपा के समर्थन में उत्साह देखा गया। जगदीश नगर के दीपसन प्लाईवुड में वीरेंद्र गोयल और धर्मेंद्र चौहान की उपस्थिति में व्यापारी वर्ग ने भाजपा के प्रति विश्वास प्रकट किया। हिंडन विहार के श्याम धर्म कांटा में मोहम्मद फलालुद्दीन और शीतल चौधरी के नेतृत्व में हुए जनसंपर्क में स्थानीय समुदाय ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद सी ब्लॉक पटेल नगर द्वितीय, मेरठ रोड में आदेश गुर्जर और संजय कांत ने जनसमर्थन जुटाने में अहम भूमिका निभाई। अभियान के अंतिम चरण में गीता मंदिर, छोटा किला में संजय कांत और विजय अरोड़ा के साथ जनता ने भाजपा के समर्थन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गांव मवी में संदीप पाल के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के लोग भाजपा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते नजर आए। अंततः विवेकानंद नगर में राजकुमार नागर, टीटू सिंह राणा और गौरव राणा के नेतृत्व में अभियान का समापन हुआ, जहां लोगों ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताते हुए समर्थन देने का वादा किया। बीजेपी उम्मीदवार संजीव शर्मा ने इन सभी कार्यक्रमों में जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा के प्रति जनता का यह विश्वास ही विकास और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# जेसीबी की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे तीन लोग घायल

## दूसरे हादसों में ट्रक की टक्कर से दो की हालत गंभीर



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर गांव याकूतपुर मवी के पास देर रात तेज रफ्तार जेसीबी ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने जेसीबी को कब्जे में ले लिया है। कस्बा पतला निवासी विनय कुमार अपने परिवार के साथ किसी काम से मोदीनगर गए थे। सोमवार रात को नौ बजे के आसपास वह मोदीनगर से कस्बा पतला जा रहे थे। जब वह मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर गांव याकूतपुर मवी पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार जेसीबी ने कार में टक्कर मार दी।

ये टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार तीन लोग भी घायल हुए हैं, लेकिन उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी को कब्जे में ले लिया, लेकिन चालक फरार हो गया। इसके अलावा दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव सीकरी कलां के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक को टक्कर मार दी। गंभीर हालात में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर युवक की हालात गंभीर बनी हुई है। दिल्ली -मेरठ मार्ग पर मोदी मंदिर के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार देवर महराज व रुबिना को कुचल दिया। हादसे में महिला की हालात गंभीर बनी हुई है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

# दो दिन से था लापता, परिजनों ने जताई ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका



**हापुड़ करंट क्राइम।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयान निवासी निसार खलीफा का शव रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला कानून गोयान के पत्थर वाला कुआं क्षेत्र के निवासी निसार खलीफा शादियों में खाना बनाने का काम करते थे। रविवार शाम को वह घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजन उनकी तलाश में जुटे रहे, मगर कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह उनका शव रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला।

शव मिलने की सूचना मिलते ही निसार के परिजन और मोहल्लेवासी घटनास्थल पर पहुंचे और उनकी पहचान की। शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जीआरपी पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात शव को दफना दिया गया।

### जीआरपी पुलिस जांच में जुटी

जीआरपी चौकी प्रभारी सचिन मलिक के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि निसार की मौत एक नॉन-स्टॉप ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में बदमाश घायल

## गैंगस्टर सहित कई मुकदमे हैं दर्ज, जवाबी फायरिंग में शातिर के पैर में लगी गोली



**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा में पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा जारी है। सूरजपुर थाना पुलिस की शातिर लुटेरे के साथ मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगने से वो घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। बदमाश पर एक दर्जन से ज्यादा लूट चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।

### पुलिस पर कर दिया फायर

पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल व तमंचा - कारतूस बरामद किए हैं। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा मोजर बियर गोल चक्कर पर चेकिंग की जा रही थी, तभी चेकिंग के दौरान एक बिना नम्बर की डीलक्स मोटरसाइकिल को चेकिंग के लिए रोका गया लेकिन वो नहीं रुका। और बाइक मोड़कर रेलवे लाइन के सहारे बनी सड़क पर पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर भागने लगा। पुलिस ने बदमाश का पीछा किया, कुछ देर बाद भागते हुए बदमाश की बाइक फिसलकर गिर गई। बदमाश ने इसके बाद पुलिस पर पुनः जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से वो घायल हो गया।

### मूल रूप से कुशीनगर का रहने वाला है बदमाश

घायल बदमाश की पहचान संतोष निवासी ग्राम खुशयारी टोला, थाना पटेरवा, जनपद कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी झुग्गी झोपड़ी साइट 5 कासना गौतमबुद्ध नगर के रूप में हुई है।

पुलिस ने बदमाश के कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर ,1 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस 315 बोर और एक मोटर साइकिल बरामद की है। बदमाश के खिलाफ कई थाना क्षेत्रों में लूट, चोरी एंवम अन्य संगीन धाराओं में 9 मुकदमे पंजीकृत हैं, साथ ही उस पर गैंगस्टर भी लगा हुआ है। फिलहाल घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# पुलिस ने होटल में छापा मारा, जबरदस्ती कराया जा रहा था चार युवतियों से देह व्यापार, दो युवकों को किया गिरफ्तार




**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर में दिल्ली -मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर स्थित एक होटल पर पुलिस ने छापेमारी कर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार युवतियों का रेस्क्यू कर उनको उनके परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस ने होटल प्रबंधक सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर मौके पर आपित्तजनक सामान भी बरामद किया है।

### पुलिस को मिल रही थी सूचना

बताया जा रहा है कि होटल में एक माह से अनैतिक कार्य किया जा रहा था। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर स्थित एक होटल के बारे में काफी समय से देह व्यापार होने की सूचना मिल रही थी। सूचना कन्फर्म करने के लिए पुलिस की टीम को लगाया गया।

### होटल मालिक हुआ फरार

एसीपी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि होटल से बरामद की गई युवतियों से जबरदस्ती देह व्यापार का काम कराया जा रहा है। युवतियों का रेस्क्यू करके उन्हें उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मौके से होटल मैनेजर शिवम निवासी खिदौड़ा व एक ग्राहक को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा कमरे से आपित्तजनक सामान भी बरामद किया गया है। होटल मालिक की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमों को लगाया गया है।

**पुलिस ने चार युवती, दो युवकों को लिया हिरासत में**

उन्होंने बताया कि दिल्ली -मेरठ मार्ग पर गांव खिदौड़ा निवासी कार्तिक चौधरी के कोयो होटल पर निवाड़ी पुलिस के साथ छापेमारी की कार्रवाई की गई। छापेमारी होते ही होटल परिसर में भगदड़ मच गई। पुलिस ने चार युवती व दो युवकों को हिरासत में ले लिया और निवाड़ी थाने ले आए।

# पुलिस ने मुबंई एयरपोर्ट से दो ठग किए गिरफ्तार

## कंपनी में निदेशक और मैनेजर रहते हुए किया 10 करोड़ का फ्रॉड



**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा पुलिस ने फजीर्वाड़ा करने वाले निदेशक और मैनेजर को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। इन्होंने कंपनी के साथ दस करोड़ रुपए से अधिक का फजीर्वाड़ा किया था। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने दोनों को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया ट्रांजिट रिमांड पर नोएडा लेकर आई।

गिरफ्त में आए आरोपियों के दो अन्य साथियों की तलाश जारी है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ 29 अक्टूबर को साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज हुआ था। केस दर्ज करने के बाद से ही पुलिस नामजद आरोपियों के बारे में इनपुट जुटा रही थी।

साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी प्रत्यूष पराशर ने बताया था कि उनकी कंपनी एल कैजुअल का कॉर्पोरेट ऑफिस नोएडा के सेक्टर-58 में है। राजस्थान समेत अन्य राज्यों में कंपनी की कई शाखांए हैं। कंपनी का काम विदेशों से फल का आयात करना और उसकी विभिन्न राज्यों में आपूर्ति करना है। इससे कंपनी को करोड़ों का मुनाफा भी हर साल होता है। अप्रैल 2024 में इस कंपनी को पुराने मालिक ने बेच दिया। इसके बाद दूसरी प्रबंधन टीम काम करने लगी।

दोनों बार- बार बदल रहे थे ठिकाने

पुलिस ने कंपनी के निदेशक चुन्नी लाल व मैनेजर गगन लखारा को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। दोनों मुंबई एयरपोर्ट से बेंगलुरु जा रहे थे। केस दर्ज होने के बाद से दोनों लगातार ठिकाने बदल रहे थे। गिरफ्त में आए आरोपियों ने दो अन्य नामजद आरोपियों के बारे में अहम जानकारी दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार चल रहे दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार लिया जाएगा। उनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

**बैंक खाते को हैक कर 10 करोड़ का किया फ्रॉड**

काम में आसानी हो इसके लिए कई पुराने निदेशक व मैनेजर को नई प्रबंधन ने काम पर रखा। आरोप है कि कंपनी में काम करने वाले चार निदेशकों व मैनेजरों ने कंपनी के बैंक क्रेडेंशियल्स की चोरी कर ली और बैंक खाते की जानकारी लेकर हैक करते हुए 10 करोड़ रुपए से अधिक का फ्रॉड कर लिया। इस मामले में साइबर क्राइम थाने में कंपनी के डायरेक्टर चुन्नी लाल, मैनेजर गगन लखारा, रेखा कुमावत व विनोद माली के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

# तुलसी विवाह संस्कार संपन्न



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के रामेश्वर पार्क माता मंदिर में महिलाओं ने देवोत्थान एकादशी पर्व मनाया। महिलाओं के द्वारा मांगलिक गीत गाकरआयुष स्वरूपा मां (वृंदा) तुलसी का बड़े धूमधाम से विवाह कराया। गहने-कपड़े, लजीज व्यंजनों का ब्राह्मण और क्षेत्रीय लोगों को भोजन कराकर दक्षिणा देकर तुलसी विवाह संपन्न किया। देवोत्थान एकादशी अथवा प्रबोधिनी एकादशी पर त्रैलोक्य के पालनहार भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागरण के साथ ही सकल देव चैतन्य होने से समस्त शुभ कार्य शुभारंभ हो जाते हैं।

# आईटीएस कॉलेज एवं रोटरी क्लब ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई0टी0एस मोहन नगर, गाजियाबाद मे मंगलवार को संस्था की एनएसएस की इकाई एवं रोटरी क्लब गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में किया रक्तदान शिविर का आयोजन। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, छात्राओं एवं संस्था के शिक्षकों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में सुरक्षित एवं स्वच्छ रक्तदान की व्यवस्था के तहत सक्षम चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्तदाताओं की फिटनेस की जांच की गयी और लगभग 200 यूनिट्स का एकत्रीकरण हुआ। रक्तदान के पश्चात रक्तदान करने वाले छात्र, छात्राओं एवं संस्था के शिक्षकों एवं कर्मियों अल्पाहार के साथ साथ, प्रमाण पत्र, डोनर कार्ड और इस पुनीत कार्य में उनके योगदान के लिए एक छोटा सा उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आई0टी0एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आर पी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने सन्देश में कहा कि संस्था ऐसे महत्तवपूर्ण पहल में हर संभव मदद के लिए तत्पर रहती है। इसके पूर्व आई0 टी0 एस0 के आई0 टी० एवं स्नातक परिसर के निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डेय, गाजियाबाद के रोटरी क्लब के प्रेजिडेंट सचिन गुप्ता, प्रो0 नैंसी शर्मा - उपप्रधानाचार्य (स्नातक परिसर), आई0 टी0 एस० स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक - डॉ अजय कुमार, डॉ वी0 एन० बाजपेई, कार्यक्रम के संयोजकगण क्रमशः प्रो. अमित शर्मा, प्रो. आदिल खान, डॉ. संदीप गर्ग ने फीता काटकर शिविर का शुभारम्भ किया और छात्रों को संबोधित करते हुआ कहा कि हम इस नेक कार्य मे भाग लेने वाले सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर सचिन गुप्ता ने आई0 टी0 एस0 - द एजुकेशन ग्रुप के प्रबंधन को धन्यबाद दिया।

# पार्षद नरेश भाटी ने वार्ड ७४ में किया विकास कार्यों का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी ने पार्षद निधि से लाखों रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को वसुंधरा सेक्टर 13 व वैशाली सेक्टर 6 में सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि 74 में सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है, पार्कों का सौंदर्यकरण का कार्य भी किया गया है। वही वार्ड में सभी जगह स्ट्रीट लाइट लगाई गई है जहाँ पर हाई मास्क लाइट की जरूत थी वह पर लगवाई गई है। पार्षद नरेश भाटी ने बताया कि वार्ड में अधिकतर सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो गया, जो कुछ बची है उसका भी निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा नगर निगम के सहयोग से वार्ड में सभी सड़के गड्ढा मुक्त हो चुकी है। क्षेत्र वासियों की जो समस्या होती है, उसका समाधान के लिए हर समय वार्ड में रहते हैं।

### हापुड़ में मेले का गंगा किनारे हवन में आहुति देकर किया जाएगा शुभारंभ

**हापुड़ करंट क्राइम।** गढ़मुक्तेश्वर का रेतीला मैदान रंग-बिरंगे तंबुओं से सज चुका है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच चुके है। आने वाले एक सप्ताह से भी अधिक समय तक चलने वाले इस गंगा मेले का विधिवत रूप से आज शुभारंभ होगा। इस मेले के मुख्य द्वार का फीता काटने के बाद गंगा किनारे कच्चा घाट पर हवन में आहुति देकर शुभारंभ किया जाएगा।

दरअसल, खादर का ये इलाका 11 माह तक सुनसान रहता है। मगर कार्तिक पूर्णिमा से पहले ये इलाका रंग बिरंगे-तंबुओं से सज जाता है। रात के समय बल्बों की रंगीन रोशनी से श्रद्धालुओं का मन मोह करता है। गंगा किनारे बसी तंबुओं की नगरी में आज मंगलवार को शाम 5 बजे कार्तिक पूर्णिमा मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। बता दें कि 14 नवंबर को यहां पर दिवंगत आत्माओं की आत्मशांति के लिए दीपदान होगा, वहीं 15 नवंबर को मुख्य स्नान होगा।

# पाकिस्तान में बच्चों की जान खतरे में, एक्यूआई 1000 के पार

## वायु प्रदूषण का कहर : पंजाब में 1.1 करोड़ बच्चों पर मंडरा रहा सांसों का खतरा

**इस्लामाबाद।** वायु प्रदूषण के कहर से केवल भारत ही परेशान नहीं है बल्कि पाकिस्तान के भी कुछ ऐसे ही हाल हैं। यहां के हालत बद से बदतर होते जा रहे हैं। प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआई 1000 को पार कर गया और शहर के आसमान पर धुंध की घनी चादरें चढ़ गई









### बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर पड़ेगा विनाशकारी प्रभाव

हैं। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने पाकिस्तान के पंजाब में 11 मिलियन (1.1 करोड़) से ज्यादा बच्चों की जान के खतरे की चेतावनी दी है।

### जहरीली धुंध छाई

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने से पाकिस्तान की राजधानी लाहौर और पंजाब के 17 अन्य जिलों में जहरीली धुंध छाई हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि 40,000 से अधिक लोगों को सांस से संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

**देशभर में स्मॉग काउंटर स्थापित किए गए :** पूरे प्रांत में क्लीनिकों में मरीजों की प्राथमिक चिकित्सा के लिए विशेष स्मॉग काउंटर स्थापित किए गए हैं। मंगलवार को अकेले लाहौर में 900 लोग अस्पताल में भर्ती हुए। पाकिस्तान में यूनिसेफ के प्रतिनिधि अब्दुल्ला फादिल ने सरकार से पांच साल से कम उम्र के 1.1 करोड़ प्रभावित बच्चों और अन्य के लिए वायु प्रदूषण को कम करने के लिए तत्काल और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया।



अब्दुल्ला फादिल ने कहा, 'वायु प्रदूषण के इन रिकॉर्ड तोड़ स्तरों से पहले, पाकिस्तान में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में लगभग 12 प्रतिशत मौतें वायु प्रदूषण के कारण होती थीं। इस साल के वायु प्रदूषण के प्रभाव का आकलन करने में समय लगेगा, लेकिन हम जानते हैं कि हवा में प्रदूषण की मात्रा दोगुनी और तिगुनी होने से बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा।'

### पाकिस्तान में वायु प्रदूषण का हाल

**मंगलवार सुबह छह बजे लाहौर का एक्यूआई 1045**

- भारत की सीमा से सटा 1.4 करोड़ की आबादी वाला शहर लाहौर में कारखानों की भरमार है। आमतौर पर यह दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार होता है, मगर इस महीने यह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

**1.4 करोड़ की आबादी वाला शहर लाहौर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार**

- स्विस समूह आईक्यूएयर की लाइव रेटिंग के अनुसार, पंजाब प्रांत ने लाहौर सहित कई स्थानों पर शैक्षणिक संस्थानों और पार्कों तथा चिड़ियाघरों जैसे सार्वजनिक स्थानों को 17 नवंबर तक बंद कर दिया है। मंगलवार सुबह छह बजे लाहौर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 1045 और दिल्ली का एक्यूआई 329 दर्ज किया गया।
- पंजाब में पर्यावरण संरक्षण विभाग के अनुसार, मुल्तान सोमवार को सबसे प्रदूषित शहर रहा, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक लगभग 800 था। 300 से अधिक कुछ भी स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है।
- मुल्तान में एक्यूआई का स्तर पिछले हफ्ते 2,000 को पार कर गया था। यह आंकड़ा बेहद चौंका देने वाला है।
- अंतरराष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक पैमाने के अनुसार, 300 या उससे अधिक का सूचकांक मूल्य स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है और पाकिस्तान में यह सूचकांक नियमित रूप से 1,000 से अधिक रहता है।
- कारखानों और वाहनों से निकलने वाले निम्न-श्रेणी के ईंधन उत्सर्जन का मिश्रण, जो कृषि अवशेषों को जलाने से और भी बढ़ जाता है, प्रत्येक शीतकाल में शहर को ठंडे तापमान और धीमी गति से चलने वाली हवाओं के जाल में फंसा देता है। इसी वजह से वायु प्रदूषण बढ़ जाता है।
- डब्ल्यूएचओ का कहना है कि वायु प्रदूषण स्ट्रोक, हृदय रोग, फेफड़ों के कैंसर और अन्य श्वसन रोगों को ट्रिगर कर सकता है। यह विशेष रूप से बच्चों और शिशुओं और बुजुर्गों के लिए खतरनाक है। हालांकि सरकार ने फेस मास्क पहनने को अनिवार्य करने का आदेश दिया है। मगर इसकी व्यापक रूप से अवहेलना की गई है।
- सरकार ने यह भी कहा है कि वह प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के तरीकों पर गौर कर रही है।

**मुल्तान सोमवार को सबसे प्रदूषित शहर रहा, जहां एक्यूआई लगभग 800 था**

# पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ट्रंप ने की अहम नियुक्तियां, यूएन में एलिस स्टेफैनिक को बनाया राजदूत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभालने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रशासन में सोमवार दो और नियुक्तियां की हैं। न्यूयॉर्क की कांग्रेस सदस्य एलिस स्टेफैनिक संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका की अगली राजदूत होंगी, जबकि पूर्व कार्यकारी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन निदेशक टॉम होमैन को सीमा अधिकारी बनाया गया है। नियुक्तियों के बाद ट्रंप ने स्टेफैनिक की तारीफ करते हुए कहा कि वह मजबूत, कर्मठ और समझदार हैं और उनकी अमेरिका फर्स्ट नीतियों की पुरजोर समर्थक हैं।



यूएन के राजदूत की भूमिका वैश्विक सहयोग और सुरक्षा के लिए अहम है और स्टेफैनिक का नामांकन ऐसे वक्त में हुआ है जब रूस-यूक्रेन व पश्चिम एशिया में युद्ध जारी है। स्टेफैनिक कई वर्षों से ट्रंप की वफादार समर्थक रही हैं। उन्होंने हार्वर्ड से पढ़ाई की है और पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में भी उनके प्रशासन में काम कर चुकी हैं।

बता दें कि 2014 में 30 साल की उम्र में वह कांग्रेस में चुनी जाने वाली सबसे कम उम्र की महिला बनीं और बाद में बाद में वह सदन के नेतृत्वकारी भूमिका में रहने वाली सबसे कम उम्र की महिला बनीं।

**आव्रजन मामलों में कट्टर मिलर बने नीति मामलों के उप प्रमुख :** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दीर्घकालिक सहयोगी स्टीफन मिलर को अपने नए प्रशासन में नीति मामलों का उप प्रमुख नियुक्त किया है।

ट्रंप के पहले कार्यकाल में आव्रजन पर कठोर कदम के लिए मिलर को जाना जाता है। मिलर की नियुक्ति की पुष्टि करते हुए, उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में मिलर को बधाई दी और कहा कि यह राष्ट्रपति की ओर से एक और शानदार चयन है।

**कौन है मिलर ट्रंप? :** मिलर ट्रंप के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सहयोगियों में से एक हैं, जो व्हाइट हाउस के लिए उनके पहले अभियान के समय से हैं। मिलर ट्रंप के पहले कार्यकाल में एक वरिष्ठ सलाहकार थे और उनके कई नीतिगत निर्णयों में अहम किरदार रहे हैं। उन्होंने आव्रजन पर ट्रंप के कई भाषणों और योजनाओं को तैयार करने में मदद की है।

इसमें 2018 की आव्रजन योजना भी शामिल है जिसमें हजारों आप्रवासी परिवारों को अलग करने का प्रावधान था।

**ट्रंप के सुरक्षा सलाहकार बने माइक वाल्टज :** अहम नियुक्तियों में नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रिपब्लिकन प्रतिनिधि माइक वाल्ट्ज को अपना राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चुना है।

# इस्राइल ने किया हिजबुल्ला कमांडर सलीम का खात्मा

## अमेरिका में एक करोड़ का था इनामी



**यरुशलम/वाशिंगटन।** लेबनान के पूर्व प्रधानमंत्री रफीक हरीरी की हत्या में शामिल हिजबुल्ला कमांडर सलीम जमील अय्याश हालिया इस्राइली हमलों में मारा गया है। टाइम्स ऑफ इस्राइल ने सऊदी मीडिया अल अरबिया के हवाले से सलीम के मारे जाने की रिपोर्ट प्रकाशित की है। अल अरबिया ने सोशल मीडिया पर अपुष्ट सूत्रों के हवाले से चल रही सूचना के आधार पर यह रिपोर्ट दी है। इसमें बताया गया है कि सलीम सीरियाई शहर अल-कुसायर के पास घिरा हुआ था।

यह शहर हिजबुल्ला का गढ़ माना जाता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, सलीम पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित था। वह हिजबुल्ला के हत्यारे दस्ते यूनिट 151 का वरिष्ठ सदस्य था। वर्ष 2020 में सलीम को संयुक्त राष्ट्र के एक न्यायाधिकरण ने लेबनान के पूर्व प्रधानमंत्री रफीक हरीरी की हत्या के मामले में मौत की सजा सुनाया था। हरीरी की हत्या वर्ष 2005 में आत्मघाती धमाके में हुई थी। तत्कालीन हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला ने सलीम को प्राधिकारियों को सौंपने से इन्कार कर दिया था। सलीम के खिलाफ 2004 से 2005 के बीच लेबनानी राजनीतिज्ञों पर तीन अन्य घातक हमलों के मामले में भी मुकदमा चलाया गया।

**इस्राइल में आंतरिक कलह, रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक ने की इस्तीफे की पेशकश :** कई मोर्चे पर युद्ध लड़ रहे इस्राइल में आंतरिक कलह भी शुरू हो गई है। पीएम नेतन्याहू की तरफ से रक्षा मंत्री को अचानक पद से हटाने के बाद अब इस्राइली रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक इयाल जमीर ने पद से इस्तीफा देने का अनुरोध किया है। इस मामले में इस्राइली रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इयाल जमीर ने आज सुबह नए रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज के साथ पहली बैठक की। इस दौरान उन्होंने ने जल्द ही अपना पद छोड़ने का अनुरोध किया।

# विवाह पंचमी में शामिल होंगे पांच लाख बाराती, राम जन्मभूमि ट्रस्ट प्रमुख भी पहुंचेंगे जनकपुर

हिंदू-राजपूत वास्तुकला पर आधारित है जानकी मंदिर



**जनकपुर।** नेपाल में राम जन्मभूमि ट्रस्ट के प्रमुख चंपत राय उन पांच लाख बारातियों में शामिल होंगे जो विवाह पंचमी के लिए जनकपुर में जुटेंगे। जनकपुर में जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत राम रोशन दास ने बताया कि जनकपुर में विवाह पंचमी के लिए लगभग पांच लाख बारातियों के आने की उम्मीद है। इसमें चंपत राय और राजेंद्र पंकज सहित राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अधिकारी शामिल हैं, जो टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। बड़ी संख्या में संत भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

दास ने बताया कि अकेले दक्षिण भारत से लगभग 150 अतिथि आ रहे हैं, जिनकी संख्या निश्चित रूप से पांच सौ से अधिक होगी और जनकपुर शहर स्वागत के लिए उत्सुक है और तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। हर पांच साल में एक भव्य जुलूस के साथ मनाया जाने वाला यह समारोह एक विशेष तिलकोत्सव के साथ शुरू होगा, जो जनकपुर धाम में एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक कार्यक्रम का प्रतीक होगा। न केवल जनकपुर के निवासी, बल्कि सीमा पार से लेकर धनुषा-महोत्तरी तक के लोग भी इसे भव्य बनाने की तैयारी कर रहे हैं। भारत से लगभग 600 विशिष्ट अतिथियों सहित लगभग पांच लाख मेहमानों के आने के साथ, बृहत्तर जनकपुर विकास परिषद ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है। इस साल बारात के साथ 600 विशेष मेहमानों का स्वागत किया जाएगा।

**तिलक लेकर अयोध्या जाएंगे :** इस वर्ष पहली बार, भगवान राम के ससुराल जनकपुर धाम से 251 तिलक-हर (तिलक समारोह करने वाले) 501 प्रकार के प्रसाद लेकर तिलक करने के लिए अयोध्या भेजे जाएंगे। उन प्रसादों में कपड़े, आभूषण, सूखे मेवे, फल और अन्य वस्तुएं शामिल होंगी।

# डब्ल्यूएमओ ने जारी की चेतावनी - 2024 अब तक का सबसे गर्म साल बनने की राह पर

## समुद्री जीवन और तटीय समुदायों पर पड़ेगा दीर्घकालिक प्रभाव • जलवायु अनुकूलन की आवश्यकता पर जोर दिया



**बाकू।** विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी जारी की है कि साल 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष बनने जा रहा है। इस दौरान वैश्विक तापमान एक अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ सकता है। यह चेतावनी संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप-29) के उद्घाटन दिवस पर जारी एक रिपोर्ट के जरिये दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से सितंबर तक वैश्विक औसत सतह तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.54 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह तापमान वृद्धि अल नीनो घटना और बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण हो रही है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को और भी गंभीर बना रहे हैं।

'जलवायु की स्थिति 2024' शीर्षक वाली रिपोर्ट, ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न बढ़ते खतरों पर प्रकाश डालती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि 'जलवायु आपदाएं स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही हैं, असमानताएं बढ़ा रही हैं, विकास को नुकसान पहुंचा रही हैं, और शांति के लिए खतरा पैदा कर रही हैं।' उन्होंने इन बदलावों से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए तुरंत जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।



रिपोर्ट की एक प्रमुख खोज अभूतपूर्व तापमान वृद्धि को दशार्ती है। 2024 के पहले नौ महीनों में वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.54 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था, जो अस्थायी रूप से पेरिस समझौते में निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य को पार कर गया। हालांकि, लंबे समय में तापमान वृद्धि 1.3 डिग्री सेल्सियस के आसपास बनी हुई है, विशेषज्ञों ने चेतावनी जारी कि है कि डिग्री का प्रत्येक अंश चरम मौसम की घटनाओं की तीव्रता और जलवायु जोखिमों को बढ़ाता है।

रिपोर्ट के अनुसार, समुद्र की गर्मी भी बढ़ी है, जो 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची और 2024 में भी कम होने का कोई संकेत नहीं दिखा रहा है। महासागरों ने ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न 90 फीसदी अतिरिक्त ऊर्जा को अवशोषित कर लिया है, जिससे समुद्री जीवन और तटीय समुदायों पर दीर्घकालिक असर पड़ेगा। साथ ही, समुद्र का बढ़ता तापमान चरम मौसम की घटनाओं को और भी बढ़ा रहा है।

ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का स्तर भी दोगुना तेजी से बढ़ रहा है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में ग्लेशियरों ने रिकॉर्ड 1.2 मीटर पानी खो दिया। स्विट्जरलैंड में, केवल दो सालों में ग्लेशियरों ने अपनी शेष मात्रा का लगभग 10 फीसदी पानी खो दिया। ये बदलाव पर्वतीय और ध्रुवीय क्षेत्रों पर असर डाल रहे हैं, जिनमें जलवायु अनुकूलन की तत्काल जरूरत है।

### चरम मौसम की घटनाओं से सतत विकास में आ रही बाधाएं

डब्ल्यूएमओ ने जलवायु परिवर्तन को घातक हीटवेव, गंभीर बाढ़, उष्णकटिबंधीय तूफान और लगातार सूखा जैसी चरम मौसम घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया है। इन घटनाओं के कारण आर्थिक नुकसान, खाद्य असुरक्षा और जबरन प्रवासन हो रहा है, जिससे मानव पीड़ा और सतत विकास में बाधाएं आ रही हैं। ग्रीनहाउस गैस की सांद्रता 2023 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जिसमें उड2 की मात्रा 420 भाग प्रति मिलियन तक पहुंच गई, जो पूर्व-औद्योगिक स्तर से 51 फीसदी अधिक है।

यह प्रवृत्ति 2024 तक बने रहने की संभावना है, जिससे वायुमंडलीय तापमान में और वृद्धि हो सकती है।

### ध्रुवीय क्षेत्रों में परिवर्तन से बर्फ की मात्रा में गिरावट

ध्रुवीय बर्फ की मात्रा में भी गिरावट आई है। 2024 में, अंटार्कटिक समुद्री बर्फ की मात्रा रिकॉर्ड के बाद से दूसरी सबसे कम थी, जबकि आर्कटिक क्षेत्र में भी बर्फ की मात्रा में गिरावट देखी गई। यह ध्रुवीय बर्फ का नुकसान जलवायु परिवर्तन के फीडबैक लूप को तेज कर रहा है, जिससे मौसम पैटर्न और पारिस्थितिकी तंत्र पर व्यापक असर पड़ता है।

डब्ल्यूएमओ के महासचिव सेलेस्टे सौलो ने जलवायु अनुकूलन की जरूरत पर जोर दिया, खासकर उन समुदायों के लिए जो जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इसके लिए (ईडब्ल्यू4ऑल) जैसी पहल शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य उन समुदायों को चरम मौसम की घटनाओं से बचाने के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली उपलब्ध कराना है। इस पहल के हिस्से के रूप में, अब तक 108 देशों ने मल्टी-हैजर्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम अपनाया है, जिससे कमजोर समुदायों में लचीलापन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

# इंदिरापुरम हैंडओवर के बाद नगर निगम ने शुरू किए विकास कार्य

## पार्षद बोले, जीडीए से बेहतर कर रही नगर निगम क्षेत्र में काम



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जीडीए से नगर निगम को हैंडओवर होने से इंदिरापुरम के वार्डों में सड़कों का निर्माण कार्य शुरू होगा, वहीं पार्षद निधि से होने वाले कार्य शुरू हो गए हैं। हैंडओवर होने के बाद जब इंदिरापुरम के पार्षदों से बात की गई तो उन्होंने कहा, जीडीए से बेहतर काम कर रहा है नगर निगम। इस दीपावली पर भी इंदिरापुरम में सभी वार्डों में प्रकाश व्यवस्था ठीक रही। पार्षदों ने आगे कहा वार्डों में पार्षद निधि से होने वाले कार्य भी शुरू हो गए हैं। इस बात को लेकर पार्षदों व इंदिरापुरम की जनता में खुशी का माहौल है।

### सड़क, स्ट्रीट लाइट पर नगर निगम ने किया काम : डॉक्टर अनिल तोमर



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 के पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने बताया की जीडीए से हैंडओवर होने के बाद नगर निगम ने कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि वार्ड में पार्षद निधि से सड़क निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है, वहीं दीपावली के अवसर पर वार्ड में 50 लाइट नई लगी और कुछ लाइटों की रिपेयरिंग हुई, इस बार अंधेरा नहीं रहा। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी भी समय पर आ रहे हैं, और व्यवस्था पहले से बेहतर है।

### सड़क निर्माण के साथ स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था बेहतर : धीरज अग्रवाल



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया वार्ड की स्थिति बहुत खराब थी, जब जीडीए के अंडर में था, नगर निगम को हैंडओवर होने के बाद वार्ड पार्षद निधि में कुछ सड़क निर्माण कार्य शुरू हुए हैं। कई सड़कों पे वर्क हो रहा है। पार्षद निधि से भी कार्य हुआ है वहीं इस बार दीपावली पर लाइट की व्यवस्था भी अच्छी रही नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट वार्ड में लगवाई गई है। इस बार वार्ड में अंधेरा नहीं रहा, उन्होंने बताया कि नगर निगम के कर्मचारी भी सफाई व्यवस्था में लगे हैं, साथ ही फॉगिंग भी कर रहे हैं। पहले से बेहतर कार्य हो रहा है नगर निगम में हैंडओवर होने के बाद।

### उम्मीद है कि पहले से बेहतर काम करेगा नगर निगम : राधेश्याम त्यागी



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया है कि नगर निगम द्वारा वार्ड में करोड़ों के सड़क निर्माण कार्य हो रहे हैं। वहीं नाले व नालियों का काम भी पूरा किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि इस बार दीपावली पर भी लाइट की व्यवस्था ठीक रही। नगर निगम जीडीए से बेहतर काम कर रहा है, और उम्मीद है कि नगर निगम सभी काम पूर्ण रूप से करेगा। वही सफाई व्यवस्था को लेकर अभी थोड़ा अव्यवस्था है, लेकिन नगर निगम पूर्ण रूप से ठीक कर लेगा।

### नगर निगम में आने के बाद भी नहीं मिला कोई कर्मचारी : हरीश कडाकोटी



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम वार्ड 79 के पार्षद हरीश कडाकोटी ने बताया कि नगर निगम में हैंडऑवर होने के बाद भी वार्ड 79 में कोई कर्मचारी नहीं आया। वहीं जीडीए के ठेकेदार चले गए हैं, वार्ड की हालत इतनी खराव है कि गलियों में सीवर का पानी भरा हुआ है। जिसके कारण अभी एक दुर्घटना भी हुई। पानी में करंट उतरने से एक गाय की मौत हुई। वार्ड में लाइट की व्यवस्था तो पहले से बेहतर हुई है, लेकिन जीडीए ने जो काम करने हैं वह पूरी तरह रोक दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड में 50 लाख के पार्षद निधि से काम भी होने हैं, जिनकी पैमाइश हो गई है जल्द ही काम शुरू होगा।

### पार्षद निधि से हुए सड़क निर्माण के कार्य : संजय सिंह



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह ने कहा हैंडओवर होने के बाद नगर निगम ने वार्ड में निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, मेरे वार्ड में भी 54 लाख के पार्षद निधि से सड़क निर्माण कार्य हुए हैं। वहीं लाइट की व्यवस्था भी सुचारू रूप से ठीक चल रही है, उन्होंने बताया कि कर्मचारी भी चुनाव बाद से सफाई व्यवस्था में लग जाएंगे। जीडीए से बेहतर काम कर रहा है नगर निगम।

### नगर निगम द्वारा कुछ कार्य हुए, वहीं प्रकाश व्यवस्था भी रही ठीक : प्रीति जैन



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम वार्ड 99 की पार्षद प्रीति जैन ने बताया की वार्ड जीडीए से नगर निगम में हैंडओवर होने के बाद नगर निगम अपना काम बखूबी ठीक से कर रही है। वहीं कुछ पार्षद निधि से सड़कों का पर भी वर्क हुआ है, स्ट्रीट लाइट व सफाई व्यवस्था भी पहले से बेहतर रही है। पूर्ण रूप से जब नगर निगम को हैंडओवर हो जाएगा तो नगर निगम और भी बेहतर कार्य करेगा।

### नगर निगम में आने के बाद वार्ड में हो रहे निर्माण कार्य : अनुज त्यागी



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम वार्ड 87 के पार्षद अनुज त्यागी ने बताया कि नगर निगम द्वारा वार्ड में निर्माण कार्य शुरू कर दिए हैं, वहीं प्रकाश व्यवस्था भी ठीक चल रही है। लेकिन जीडीए ने अपना काम रोक दिया है, पार्क बदहाल हैं, सीवर ओवरफ्लो होने से जनता परेशान है। वहीं नगर निगम ने सड़कों का काम भी शुरू कर दिया है, पार्षद निधि से 70 लाख के करीब वार्ड में काम हुए हैं।

## गाजियाबाद उपचुनाव : व्यापारियों ने दिया संजीव शर्मा को समर्थन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष संदीप बंसल के जिला उपाध्यक्ष विकासदीप वर्मा के प्रतिष्ठान पर दोनों इकाइयों के अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। मंडल की दो इकाइयों ने भी बीजेपी उम्मीदवार संजीव शर्मा को समर्थन दिया। भाटिया मोड़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष विकास शर्मा एवं पंचवटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक गर्ग की इकाइयों ने भी अपने सभी व्यापारियों के साथ भाजपा के विधायक उम्मीदवार संजीव शर्मा को पूर्ण समर्थन दिया।

समर्थन देने वाली दोनों इकाइयों के पदाधिकारी व्यापारी इस अवसर पर मौजूद थे। इस मौके पर विकास शर्मा, विकासदीप वर्मा, अनिल गुप्ता, सुनील गर्ग, नितिन मित्तल, इंद्र गर्ग, पवन गर्ग, रमाकांत छोटू, अरुण गुप्ता, तुषार गुप्ता, अमित, जयकांत साहू, शीशराम, नीरज, राकेश, पंकज सेन सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

## 14 नवंबर को होगी शत्रु सम्पत्ति की भूमि की 22वीं ई-नीलामी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजेन्द्र कुमार, उप-सचिव शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय लखनऊ के ई-मेल पत्र दिनाक 28.11.2024 पर जिलाधिकारी गाजियाबाद के पृष्ठांकन आदेश दिनांक 08.11.2024, जिसके द्वारा अभिरक्षक शत्रु सम्पत्ति, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा 22वीं ई-नीलामी के अन्तर्गत ग्राम कुशलिया परगना डासना तहसील व जिला गाजियाबाद की शत्रु सम्पत्ति को ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बिडिंग के द्वारा विक्रय किए जाने हेतु जैसा है जहां है और 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ है' के आधार पर एम.एस.टी.सी. पोर्टल पर निविदा आमंत्रण हेतु लोड किया गया है जिसकी ई-नीलामी दिनांक 14.11.2024 को प्रातः 11:00 बजे से प्रारम्भ होकर 4:00 बजे तक होगी। अतः इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत प्रकरण में अभिरक्षक शत्रु सम्पत्ति, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा की जा रही 22वीं ई-नीलामी में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागी प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## वार्ड 19 में संजीव शर्मा के समर्थन में सभा आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड नंबर 19 में विधानसभा प्रत्याशी संजीव शर्मा का स्वागत व समर्थन सभा हुई। कार्यक्रम संयोजक सुमन सिंह जाटव ने सभी वार्ड वासियों के साथ बहुत ही सुंदर व भव्य स्वागत किया। इस मौके पर डॉक्टर आकाश वार्ष्णेय, आशीष जाटव, विनोद जाटव, यज्ञदत्त जाटव, प्रद्युमन शर्मा, अनिल शर्मा, राजेंद्र सिंह, अशोक कुमार, कलुआ सिंह कश्यप, अनिल, भूषण, शीतल, लवली कौर, मीना गांधी, रिंकी, दीप्ति, राधा, पायल, ज्योति, नीरज, प्रमोद, विनोद, सुशील, छाया गुप्ता, शिरोमणि त्यागी, राकेश त्यागी उपस्थित रहे।

## एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी मे नये आपराधिक कानूनों पर कार्यशाला आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ के तत्वावधान में मंगलवार को नये आपराधिक कानूनों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो0 (डॉ0) प्रसेनजीत कुमार, सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ0 उर्मिला जाटव ने दीप प्रज्वलित कर किया। सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ0 उर्मिला जाटव ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। विधि के छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए वाइस चांसलर प्रो0 (डॉ0) प्रसेनजीत कुमार ने नये आपराधिक कानूनों के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोनिया खन्ना ने विश्व एवं भारत में आपराधिक कानूनों कि शुरुआत से लेकर वर्तमान आयामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस कार्यशाला का उद्देश्य नये आपराधिक कानूनों के बारे में छात्रों को जानकारी देना एवं भविष्य में उनकी उपयोगिता के बारे में छात्र/छात्राओं को अवगत कराना था। इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ0 उर्मिला जाटव ने छात्र/छात्राओं के साथ सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ के सहायक प्रोफेसर शिप्रा, सीमा चौधरी, मोहम्मद इमरान, आकाश सैनी, वर्तिका तिक्कू, सागर सक्सेना एवं अन्य स्टाफ का धन्यवाद दिया।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में तकनीकी पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने उभरती प्रौद्योगिकियों पर एक तकनीकी पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया। निदेशक प्रो. (डॉ.) मोनिका सेंगर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता को बढ़ाव देना, छात्रों के अनुसंधान और प्रस्तुति कौशल को बढ़ाना और नवीन विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। टीम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया और अन्य क्षेत्रों को कवर करते हुए एक अनूठी उभरती हुई तकनीक पर एक पोस्टर प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों का मूल्यांकन प्रो. (डॉ.) विभा सिंह और प्रो. (डॉ.) आर.बी. सिंह द्वारा तकनीकी गहराई, रचनात्मकता, विचार और प्रस्तुति कौशल जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया। चांसलर महेंद्र अग्रवाल के अनुसार प्रतियोगिता सभी प्रतिभागियों के लिए एक मूल्यवान सीखने का अनुभव है। कुलपति प्रो. (डॉ,) प्रसन्नजीत कुमार ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के अनुसंधान और संचार कौशल को बढ़ाने में मदद करती हैं और उन्हें आईटी उद्योग में नवीनतम रुझानों से भी अवगत कराती हैं। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने छात्रों को इस प्रकार के तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। गया। शाहनवाज आलम, सुश्री पूर्णिमा कसाना और शिवानी गर्ग उपस्थित रहीं और कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का समापन एक संक्षिप्त फीडबैक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को अपने क्षेत्रों में खोज और नवाचार जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर विधानसभा चुनाव में यूं तो कई नेता दिखा रहे हैं भगवा कमांडर से विशेष वाला प्यार? मगर सुना है इनसे भी ज्यादा प्यार करने वाले तीन नेताओं की लिस्ट संगठन वालों ने कर ली है अंदरखाने तैयार? इस लिस्ट में एक नेता इधर से है तो दो का मामला है उस पार? सुना है भेजने वालों ने भेजी है पार्टी के बड़े चेहरों को रिपोर्ट? कराया है एहसास कि ये हदें पार करके कर रहे हैं हमारा सपोर्ट? सुना है इन तीन नेताओं का कर लिया है पार्टी के बड़े नेता ने नाम लॉक? चुनाव के बाद देखते हैं किसको लगेगा 440 वोल्ट का शॉक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अपने समर्पण और व्यवहार से भाजपा की महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह ने बनाई है पार्टी में विशेष पहचान? कहने वाले ने कहा उनकी इसी सादगी के चलते उनका बढ़ रहा है पार्टी में गुणगान? हमने देखा उनके बर्थडे पर सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों की लग गई थी लाईन? उनकी टीआरपी एहसास करा रही थी, उन्होंने पॉजीटिव राजनीति करके कर लिया है पार्टी में अपना मामला फाईन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रूद्र सा प्रताप रखने वाले त्यागी जी भगवा कमांडर के दिल में रखते हैं स्थान खास? हम देख रहे हैं पूरे चुनाव में वो प्रचार करते हुए नजर आ रहे हैं उन्हीं के आस-पास? सुबह घर छोड़ते हैं तो रात तक डालते हैं चुनाव प्रचार में डेरा? फिर इंतजार करते हैं कब आयेगा अगला सवेरा? उनकी इस वर्किंग ने लगायी हुई है कई दिलजलों के दिल में आग? कहने वाले ने कहा कि आज वो जितनी शिद्दत से मेहनत कर रहे हैं, जरूर ये मेहनत खोलेगी राजनीति में उनका भाग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में कर तो रहे हैं बाजारों में प्रचार? मगर जैसा निखरकर कर आना चाहिए वैसा निखरकर नहीं आ रहा उनका किरदार? कहने वाले ने कहा हम उन्हें कर रहे हैं बहुत दिनों से नोट? हम देख रहे हैं अभी तक उन्होंने अपने समाज की कोई बड़ी मीटिंग नहीं बुलाई है? अगर वो ऐसा करेंगे तो कैंडीडेट को मिल जायेगी जबरदस्त समाज की सपोर्ट? कहने वाले ने कहा पता नहीं पूर्व विधायक मीटिंग को लेकर कुछ रहे भी हैं सोच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बनाने वाले बेमतलब में बना रहे थे मैडम भंडारी के खिलाफ माहौल? वो पार्टी की पुरानी और सच्ची कार्यकर्ता हैं? चुनावों में दिखाती हैं वो अपना पूरा रोल? हमने देखा प्रताप विहार में वो कर रही हैं इस वक्त डट कर प्रचार? ऐसी हमने सैंकडों तस्वीरें देखी हैं जो इस बात का बड़ा सबूत हैं यार? घर-घर जाकर वो मांग रहीं हैं भगवा कमांडर के लिए सपोर्ट? विरोध का माहौल बनाने वालों को कर लेंना चाहिए इस बात को नोट? अगर हो किसी के दिमाग में डाउट, अगर वो चाहेंगे तो हम कर देंगे प्रचार की सभी फोटो आउट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आपने महानगर अध्यक्ष की दावेदारी को लेकर यूं तो कर दिये कई बिरादरी के ब्रादरों के नाम आम? मगर जिस पंजाबी फैक्टर की विधानसभा चुनाव में अनदेखी की सुनाई दी थी गूंज? उस बिरादरी का नहीं किया आपने ध्यान? कहने वाले ने कहा युवा फैक्टर में आप महानगर वाली दावेदारी में पूरे गौरव से चलाओ चौपड़ा जी का नाम? ये चेहरा भी पार्टी के लिए पूरी शिद्दत से करता है काम? सत्ता विहीन कार्यकाल में इस चेहरे ने खाई है पुलिस की लाठियां? ऐसे चेहरे को भी बनना चाहिए संगठन का साथिया?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पूर्व भगवा कमिश्नर शुक्ला जी ने दोबारा शुरू कर दिये हैं वर्तमान वाला कमिश्नर बनने के प्रयास? सुना है अपनी बर्फ में लगी हुई टीम को वो दे रहे हैं ताप? उन्हें पता है इस बार भगवा कमांडर हो रहे हैं जनप्रतिनिधि बनते ही संगठन से आउट? बस यहीं से वो करना चाहते हैं मौजूदा वालों को आउट? वो ईंट का देना चाह रहे हैं पत्थर से जवाब? ये सबको पता है कि वो राजनीति पारी खेलने में हैं लाजवाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मैम्बर तोमर और मैम्बर कोटी दिल में रख रहे हैं कमांडर को चुनाव लड़ाने की पूरी चाहत? मगर नदिया पार की दखल से लाईन पार के नेता ज्यादा आक्रोशित ना हों, ऐसी भी वो महसूस कर रहे हैं घबराहट? सुना है वो रोजाना चुनाव कार्यालय पहुंच कर करा रहे हैं अपनी उपस्थिति दर्ज? दे रहे हैं फोटो खींच कर संदेश कि हम ना होते हुए भी निभा रहे हैं कमांडर के लिए अपना पूरा फर्ज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम कर रहे हैं इस बात का इंतजार? कब होगा वसुंधरा वाले एरिया में अटल चौक का उद्धार? यहां के सौंफ वाले कमिश्नर ने की थी कुछ दिन पहले अनिश्चित कालीन धरने पर बैठने की बड़ी-बड़ी बात? मगर आज तक हमें कुछ भी ऐसा नजर नहीं आया साहब? धरना देना तो दूर है उन्होंने तो यहां पर अब इस बारे में बंद कर दिये हैं देने बयान? हो सकता है ये आने वाले तूफान से पहले की खामोशी हो? हो सकता है कोई बड़ा प्लान कर लिया हो उन्होंने तैयार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में एक टैक्स इंस्पेक्टर आ गया है भगवा मैम्बरों के निशाने पर? वो मिस्टर इंस्पेक्टर को ट्रांसफर करा कर लगाना चाहते हैं ठिकाने पर? सुना है इन तमाम मैम्बर्स ने कर ली है ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि से मिलकर शिकायत करने की तैयारी? पता चला है शिकायत वाली फाईल भी तैयार हुई है बहुत भारी? शिकायत में नपाई के मामले को पूरी शिद्दत से दी गई है नपाई? संदेश देने की तैयारी है कि टैक्स के मैटर में हुई है कहीं ना कहीं बेवफाई?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बिटिया हमेशा से ही पूरे परिवार की लाडली होती हैं। पिता के लिए तो बेटी उनकी नन्ही परी है। श्रुति गौतम के हैप्पी बर्थडे पर उसके पापा रविकरण गौतम ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर बी हैप्पी के आशीर्वाद के साथ ये कामना भी कि लार्ड बुद्धा का आशीर्वाद श्रुति को प्राप्त हो। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।